# देशबन्धु

वर्ष – 8 | अंक–290 | सागर, सोमवार, 11 दिसम्बर 2023 | पृष्ठ –8 | मूल्य – 3.00 रुपए



भूमि अधिग्रहण के साथ तेजी से किया जा रहा 9 किमी लंबे बाइपास का निर्माण — पृष्ठ 3

- अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय टाटा!
- इंडिया ब्लॉक में अभी भी है भाजपा से मुकाबले की क्षमता — पृष्ठ 4

- पीड़ित परिवार ने लगाया आरोप, आरोपियों को जेल जाने से डाक्टरों ने बचाया — पृष्ठ 6

वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम स्तर पर — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### पशुक्रूरता के आरोपी पर होगी कठोर कार्रवाई : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुना जिले में पशु क्रूरता की घटना को लेकर कहा कि बर्बरता के ऐसे कृत्य अक्षम्य हैं, इस अपराध के लिए आरोपी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि गुना जिले से सामने आई पशु क्रूरता की घटना हृदय विदारक है। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। बर्बरता के ऐसे सभी कृत्य अक्षम्य हैं, इस अपराध के लिए आरोपी पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, गुना शहर में पशुक्रूरता का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद मामले को संज्ञान में लिया गया और आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया।

### धीरज साहू छापे मामले में 5वें दिन भी नोटों की गिनती जारी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के बलांगीर जिले के सुदपाड़ा में स्थित कथित तौर पर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़ी एक डिस्टिलरी यूनिट से जब्त की गई नकदी की गिनती पांचवें दिन भी जारी है। कई गिनती मशीनें खराब हो गईं हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कथित तौर पर गिनती मशीनों की तुरंत मरम्मत के लिए कुछ मैकेनिक बैंक में मौजूद रहे। दूसरी ओर, जांच में मदद के लिए हैदराबाद से आयकर अधिकारियों की एक टीम बलांगीर पहुंच गई है।

### गोगामेड़ी हत्याकांड में अब तक 4 लोग गिरफ्तार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर सहित अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस मामले के दोनों शूटर रोहित राठौड़ एवं नितिन फौजी और फरारी के दौरान इनकी मदद करने वाले आरोपी उदम सिंह सैन को शनिवार देर रात चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें राजस्थान लाया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से उप्र के 2 दिन के दौरे पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से दो दिन के उत्तर प्रदेश दौरे पर जाएंगी। राष्ट्रपति सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 11 दिसंबर को वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 45वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उसी शाम, वह लखनऊ में डिवाइन हार्ट फाउंडेशन (इंडिया) के 27 साल पूरे होने के समारोह में हिस्सा लेंगी। श्रीमती मुर्मु 12 दिसंबर को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ के दूसरे दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी।

### कश्मीर में रात का तापमान शून्य से नीचे, शीतलहर जारी

**श्रीनगर, एजेंसी।** कश्मीर घाटी में रविवार को रात का तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे रहा। बर्फ से ढके पहाड़ों के भीतरी इलाकों में शीत लहर जारी है। रविवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग में शून्य से 4.2 डिग्री नीचे और पहलगाम में शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में, लेह में रविवार को न्यूनतम तापमान माइनस 14.1, कारगिल में माइनस 10 और द्रास में माइनस 11.4 रहा। जम्मू में 7.1, कटरा में 7.5, बटोटे में 2.5 जबकि भद्रवाह और बनिहाल दोनों में न्यूनतम तापमान 0.2 रहा। मौसम विभाग ने राहत की भविष्यवाणी की है। मंगलवार से दो दिनों तक जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है।

### असम पुलिस ने 637 किलोग्राम गांजा जब्त किया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम पुलिस ने शनिवार को असम-त्रिपुरा सीमा के चुराइबारी चेक पोस्ट पर 637 किलोग्राम गांजा जब्त किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करीमगंज पुलिस ने असम-त्रिपुरा सीमा के चुराइबारी चेक पोस्ट पर एक वाहन से 637 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आगे की जांच जारी है।

---

### विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए नेता

# विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री होंगे



- मोदी सरकार में मंत्री भी रहे हैं साय
- 2 उपमुख्यमंत्रियों के नाम पर भी मुहर

*प्रधानमंत्री मोदी की विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई गारंटी को शत प्रतिशत पूरा करने का वह प्रयास करेंगे। सरकार गठन के बाद पहला काम गरीबों को 18 लाख आवास की मंजूरी देना होगा : विष्णुदेव साय*

**रायपुर, देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं आदिवासी नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ में भाजपा विधायक दल की आज यहां हुई बैठक में नेता चुन लिए गए। श्री साय राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

श्री साय को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की पार्टी पर्यवेक्षकों केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं सर्वानंद सोनोवाल, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर,सह प्रभारी केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं सह प्रभारी नितिन नबीन की उपस्थिति में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया। राज्य में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 90 सदस्यीय विधानसभा में 54 सीटो पर जीत कर पांच वर्ष बाद सत्ता में वापसी की है। नवम्बर 2000 में मध्यप्रदेश को विभाजित कर आस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ में श्री साय भाजपा के दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। श्री साय जशपुर जिले की कुनकुरी सीट से विधायक है। वह 2014 में मोदी सरकार में राज्यमंत्री भी रहे है। राज्य गठन के बाद पहली बार 2003 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आई थी। इसके बाद लगातार 2008 एवं 2013 में भी भाजपा ने चुनाव जीता और डा.रमन सिंह लगातार तीनों बार मुख्यमंत्री रहे थे। चार बार सांसद रहे श्री साय 2014 में मोदी सरकार में राज्य मंत्री रहे है। वह 1990 से अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए तपकरा सीट से पहली बार विधायक चुने गए थे। श्री साय का जन्म 21 फरवरी 1964 में जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है।

#### 1989 में शुरू किया राजनीतिक जीवन

श्री साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी।श्री साय को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह की भी पसन्द बताए जाते है। पार्टी ने उन्हें 2006 और 2020 में दो बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा था। वर्तमान में श्री साय भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

#### रमन सिंह होंगे विधानसभा अध्यक्ष



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के साथ ही उपमुख्यमंत्रियों के नाम का भी एलान कर दिया गया है। राज्य में दो उपमुख्यमंत्री होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह विधानसभा के अध्यक्ष बनाए जाएंगे।


#### भाजपा ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया

छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार गठित करने का राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के समक्ष दावा पेश किया। राज्यपाल ने साय को नई केबिनेट गठित करने के लिए आमंत्रित किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने वर्ष 2023 की छत्तीसगढ़ राज्य नव गठित विधानसभा के अपने नव निर्वाचित विधायकों की सर्वसम्मति से प्रदेश विधायक दल का नेता विष्णुदेव साय को चयनित किए जाने संबंधित पत्र राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को राजभवन में सौंपा और नई सरकार बनाने के लिए अपना दावा पेश किया।

---

### मध्यप्रदेश में विधायक दल की बैठक आज

# नए मुख्यमंत्री को लेकर तस्वीर होगी साफ





**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को भोपाल में होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। दल का नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा।

शाम करीब 4 बजे प्रारंभ होने वाली बैठक में केंद्रीय संगठन की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव सुश्री आशा लकड़ा भी मौजूद रहेंगे। पर्यवेक्षक सुबह साढ़े 10 बजे भोपाल पहुंचेंगे। इस दौरान सभी 163 नवनिर्वाचित विधायक अपना नेता चुनेंगे। बैठक में मौजूदा मुख्यमंत्री एवं बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान के अलावा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन के जिम्मेदार नेता भी मौजूद रहेंगे।

इस बीच नए मुख्यमंत्री के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुरैना जिले के दिमनी से नवनिर्वाचित विधायक नरेंद्र सिंह तोमर का नाम भी लिया जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं इंदौर एक विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कैलाश विजयर्गीय को भी महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने की संभावना है। नरसिंहपुर विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की दावेदारी भी सामने आई है। बैठक में पूर्व सांसद एवं सीधी से विधायक श्रीमती रीति पाठक, जबलपुर पश्चिम सीट से विधायक राकेश सिंह और गाडरवारा विधायक राव उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे, जो हाल में लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर आए हैं। राज्य में ऐतिहासिक बहुमत हासिल करने वाली भाजपा ने कुल 230 सीटों में से 163 सीट पर विजय हासिल की है।

#### वसुंधरा राजे ने फिर किया शक्ति प्रदर्शन

इस बीच राजस्थान में भी अगले मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बरकरार है। मुख्यमंत्री के लिए किसी ने चेहरे की संभावनाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा आज फिर से शक्ति प्रदर्शन किया गया है।

वहीं राजस्थान के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अभी तक समय नहीं दिया है, जिसकी वजह से बैठक तय नहीं हो पा रही है। पहले सोमवार को विधायक दल की बैठक प्रस्तावित थी; लेकिन अब यह टल गई है। अब यह बैठक मंगलवार को होने की संभावना है। बताया जा रहा है वसुंधरा राजे जिद पर अड़ी हुई हैं। राजे मुख्यमंत्री से कम कोई पद लेने को तैयार नहीं हैं।



*विधायक दल की बैठक से पहले रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मुलाकात की।*



*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में सोमवार को होने वाली विधायक दल की बैठक की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल उपस्थित थे।*

---

## मोहित पांडे बनेंगे अयोध्या राम मंदिर के पुजारी



**3 हजार लोगों में से हुआ चयन**

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में बन रहे श्रीरामजन्म भूमि मंदिर में पुजारी के रूप में गाजियाबाद में स्थित प्राचीन श्री दूधेश्वरनाथ मठ के पूर्व छात्र मोहित पांडे का चयन हुआ है। उन्हें 3 हजार लोगों के साक्षात्कार के बाद इस पद के लिए चुने गए 50 लोगों में से चुना गया है। नियुक्ति से पहले उन्हें छह महीने के प्रशिक्षण से गुजरना होगा। जिसके बाद वह राम मंदिर में बतौर पुजारी नियुक्त होंगे। दूधेश्वरनाथ मंदिर उप्र के गाजियाबाद जिले में स्थित है, जोकि उत्तर भारत का प्रमुख मंदिर है। इस मंदिर के परिसर में ही दूधेश्वर वेद विद्यापीठ भी है। यहां देशभर से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचते है। वर्तमान समय में यहां करीब 70 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। पिछले 23 सालों से विद्यार्थियों को वेद शिक्षा देने का सिलसिला जारी है। विद्यापीठ के आचार्य ने बताया कि मोहित पांडे ने पहले सामवेद का अध्ययन किया जिसके बाद वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय तिरुपति जाकर उन्होंने अध्ययन किया।आचार्य की डिग्री लेने के बाद वह पीएचडी की तैयारी भी कर रहे हैं। मोहित के अलावा ऋषभ शर्मा वहां पहले से ही पुजारी के रूप में तैनात हैं वह बहुत योग्य हैं और हमारा यही प्रयास है कि वेद विद्यापीठ में धर्म और कर्मकांड की शिक्षा ग्रहण करने वाला प्रत्येक विद्यार्थी अपना बेहतर भविष्य बनाए।

---

### डंपर से टकराकर कार में लगी आग

# 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत



**बरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बरेली में शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें कार सवार 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बरेली-नैनीताल हाइवे पर शनिवार रात 11 बजे मारुति अर्टिगा कार का टायर फटने से वह दूसरी साइड डिवाइडर पार करके डंपर से जा टकरा गई. इस हादसे के बाद कार लॉक हो गई, जिसमें 7 लोगों सहित एक बच्चे की जलकर मौत हो गई. वहीं इस हादसे के शिकार डंपर में आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ है.

घटना की जानकारी होने पर एसएसपी बरेली, आईजी बरेली रेंज डॉ. राकेश कुमार सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई. वहीं दमकल की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. सभी शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है, वहीं 3 मृतकों की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हादसे की शिकार मारुति अर्टिगा कार बहेड़ी में एक शादी समारोह से बरेली से लौट रही थी. तभी नैनीताल-बरेली हाईवे पर भोजीपुरा थाना क्षेत्र के पास रास्ते में कार का टायर फट गया और वह दूसरी साइड डिवाइडर पार करते हुए डंपर से जा टकराई. दोनों गाड़ियों की टक्कर से काफी तेज धमाका हुआ और कार के पहियों की रगड़ से कार में आग लग गई.

कार में आग लगने के बाद उसका सेंटर लॉक बंद हो गया, जिससे कार में सवार सभी 8 लोग अंदर ही फंसे रह गए और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई. इस बीच कार और डंपर में आग की तेज लपटें देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. फिर पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आर्टिगा कार को बहेड़ी थाना क्षेत्र के नारायण नगला निवासी फुरकान ने बुक किया था. ये सभी लोग बरेली से बहेड़ी को वापिस लौट रहे थे, मगर रास्ते में यह हादसा हो गया. हादसे के शिकार सभी आठ लोगों के शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. वहीं डंपर में आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ है. माना जा रहा है कि डंपर का ड्राइवर हादसे के बाद संभवता फरार हो गया, क्योंकि डंपर के पास कोई नहीं मिला।

---

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाया



**पार्टी में राष्ट्रीय समन्वयक के पद पर हैं आकाश**

**लखनऊ, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का नेतृत्व करने के लिए अपना उत्तराधिकारी बनाया। आकाश आनंद बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक के आधिकारिक पद पर हैं। मायावती ने लखनऊ में एक पार्टी बैठक को संबोधित करते हुए हालांकि कहा कि वह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की कमान संभालती रहेंगी, लेकिन आकाश आनंद अन्य राज्यों के संबंध में फैसले लेंगे।

इससे पहले अगस्त में, बसपा ने आकाश आनंद के नेतृत्व में 14 दिवसीय 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' संकल्प यात्रा' शुरू की थी। 2019 के आम चुनावों की अगुवाई करते हुए, आनंद को मीडिया में तब प्रसिद्धि मिली जब मायावती ने घोषणा की कि उनका भतीजा राजनीति की जटिलताओं से परिचित होने के लिए बसपा आंदोलन का हिस्सा बनेगा। 2019 में चुनाव आयोग द्वारा मायावती पर 48 घंटे के प्रचार प्रतिबंध के बाद, आकाश ने राजनीतिक मंच पर अपनी शुरुआत की, अपनी पहली रैली को संबोधित किया और लोगों को एसपी-बीएसपी-आरएलडी गठबंधन का समर्थन करने का आह्वान किया।

---

### भाजपा से मुकाबले के लिए 'मैं नहीं, हम' थीम पर काम करेगा गठबंधन

# इंडिया गठबंधन की बैठक अब 19 को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया गठबंधन की अब 19 दिसम्बर को बैठक होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी दलों के गठबंधन की अगली बैठक में सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने पर चर्चा होगी।

**सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियों पर होगी चर्चा**

इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को नई दिल्ली में दोपहर तीन बजे होगी। विपक्षी दल बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में एकता की थीम 'मैं नहीं, हम' के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। यह बैठक हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। पार्टी को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, भाजपा का कहना है कि लोगों ने मोदी की गारंटी में भरोसा जताया है और वे 2024 में उनकी सरकार को फिर चुनेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों के सामने अब चुनौती अगले आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ आने की है। सूत्रों ने कहा कि बैठक के दौरान दल संयुक्त चुनावी रैलियां आयोजित करने के लिए सीटों के बंटवारे पर योजना तैयार करेंगी और उनके लिए एक साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे। विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे चुनावी मुद्दों पर नेता ने कहा, 'यह चुनाव परिणाम उन मुद्दों को खारिज करने के लिए नहीं हैं जो इस चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उठाए गए थे।' उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडा तैयार करना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जो इसे भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेगा।' उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो मुद्दे छाए रहे, जैसे बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद, महंगाई कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनकी गूंज लोकसभा चुनावों के दौरान जमीनी स्तर पर सुनाई दे सकती है। ये मुद्दे विपक्षी दलों के साझा एजेंडे का हिस्सा बन जाएंगे जो विपक्षी गठबंधन को भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेंगे।

---

### पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक हुई

# बैठक में असहज दिखे नीतीश व शाह

**इससे पहले कई बैठकों में शामिल होने से बचते रहे नीतीश**





**पटना, देशबन्धु।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डेढ़ साल बाद यहां 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, लेकिन उनकी बॉडी लैंग्वेज के अनुसार दोनों सहज नहीं दिखे। विशेष रूप से, नीतीश कुमार, अमित शाह का स्वागत केवल सहजता से करते दिखे, उन्हें फूलों का गुलदस्ता, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट करते समय उनकी निगाहें काफी हद तक झुकी रहीं।


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के प्रतिनिधियों का भी स्वागत किया। बैठक दोपहर 2 बजे शुरू हुई और 5 बजे खत्म हुई। अमित शाह बैठक में हिस्सा लेने के लिए पटना पहुंचे थे। इसमें नेताओं ने सुरक्षा और मुख्य मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले, नीतीश कुमार ने अमित शाह या पीएम नरेंद्र मोदी का सामना करने से बचने के लिए नीति आयोग की कई बैठकों और अन्य सरकारी बैठकों में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, बिहार द्वारा क्षेत्रीय परिषद की बैठक की मेजबानी करने के कारण, नीतीश कुमार के पास अमित शाह का सामना करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

#### केन्द्र की जाति आधारित गणना में रोड़ा अटकाने की मंशा नहीं: शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केन्द्र सरकार की जाति आधारित गणना में रोड़ा अटकाने की कभी कोई मंशा नहीं रही है और जब उनकी पार्टी बिहार में सत्ता में साझीदार थी तब उसने जाति आधारित गणना का समर्थन किया था। श्री शाह ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करते यह बात कही। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और झारखंड, ओड़ीशा, पश्चिम बंगाल तथा बिहार के वरिष्ठ मंत्री शामिल हुए। बैठक में अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य सरकारों तथा केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

# जैन तीर्थ नैनागिरि में प्रथम महामस्तकाभिषेक करने लगी कतार

## आदिनाथ ने कैलाश पर्वत से मोक्ष प्राप्त किया, निकली रथयात्रा



**शाहगढ़, देशबन्धु।** सिद्ध भूमि नैनागिरि की देशना स्थली पंचकल्याणक महामहोत्सव के अंतिम दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ को नवप्रभात की नई किरण के साथ कैलाश पर्वत से मोक्ष की प्राप्ति हुई तो तीर्थ स्थल जयकारों से गूंजने लगा। बड़ी संख्या में यहां मौजूद श्रद्धालु भगवान का जयघोष कर थे। गुरुवार को यह दृश्य था सिद्ध भूमि नेनागिर तीर्थ धाम का जहां पंचकल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन मोक्ष कल्याणक की क्रियाएं हुईं। प्रातः कालीन बेला में सूर्य की पहली किरण निकलते ही प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने कैलाश पर्वत से मोक्ष प्राप्त किया। इस दिन के सभी कार्यक्रमों में आचार्य विराग सागर एवं पूरा मुनिसंघ मौजूद रहा। मीडिया प्रभारी प्रकाश जैन अदावन ने बताया कि मोक्ष कल्याणक के दिन समूचे मप्र से बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भक्त से भगवान बनने की क्रियाओं को देखा और भावना भाही। नित्य पूजन अभिषेक और शांतिधारा के बाद आदिनाथ के मोक्ष की क्रियाएं हुईं। इसके बाद अग्निकुमार देवों ने नख-केश आदि संस्कार किए। इसके बाद मोक्षकल्याणक पूजन और विश्वशांति महायज्ञ व हवन हुआ।

### जयकारों के साथ हुआ महामस्तकाभिषेक

रविवार को सिद्ध भूमि नैनागिरि की देशना स्थली प्रतिष्ठित हुई अद्वितीय अष्ट धातु की 73 इंच से अधिक उतुंग पद्मासन भगवान नेमिनाथ, पारसनाथ एमहावीर स्वामी की प्रतिमाओं का प्रथम महामस्तकाभिषेक हुआ, बुंदेलखंड के प्रथमाचार्य गणाचार्य विराग सागर ससंघ के सान्निध्य में संपन्न हुआ साथ ही शांतिधारा हुई। प्रथम महामस्तकाभिषेक का सौभाग्य मूर्ति पुण्यार्जक लालचंद्र शास्त्री पुलकित शास्त्री तथा देवेन्द्र कुमार, संतोष कुमार लुहारी परिवार तथा प्रकाश चंद्र अभिलाष कुमार बम्हौरी वाले भोपाल व डॉ. एस के जैन को प्राप्त हुआ, इसके साथ ही सैकड़ों लोगों ने सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रद्धालु लगातार जयघोष करते रहे। धर्मसभा में गुरुदेव आचार्य विराग सागर ने आशीर्वाद देकर क्षेत्र के पुरा वैभव महिमा और पंचकल्याणक की अनेक विशेषताओं को बताया।

# पास में हमारे सब कुछ हो सकता है पर साथ में कुछ भी नहीं जाएगा: मुनिश्री




**सागर, देशबन्धु।** अपने दान नहीं दिया ऊपर ले जाने की व्यवस्था की है, सब कुछ पुण्य की उदय से प्राप्त होता है और पुण्य कार्यों में खर्च करके ग्रहस्थ अपने जीवन को धर्ममय बना लेता है यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने बड़कुल जी मंदिर विजय टॉकीज चौराहा में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही मुनिश्री ने कहा पास में हमारे सब कुछ हो सकता है पर साथ में कुछ भी नहीं जाएगा क्षुल्लक श्रीचंद्र दत्त सागर ने कहा कि कल्पद्रुम महामंडल विधान आप सभी के लिए आत्म कल्याण का अवसर लेकर आया है जो व्यक्ति इसमें पात्र बनकर सौभाग्य प्राप्त करता है वह परंपरा से मुक्ति का भागी बनता है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कल्पद्रुम महामंडल विधान में विशेष पात्र के रूप में सौधर्म इंद्र मनोज अनीता जैन, कुबेर हेमचंद मखमल. नीति जैन हिंन्रोद, चक्रवर्ती विजय कुमार, यज्ञ नायक अजय सरोज जैन, बाहुबली डॉ महेंद्र, अमित अर्पित, निधि, स्वाति परिवार, ईशान इंद्र राजेंद्र सनी, सानत कुमार इंद्र अशोक वंदना, माहेंद्र इंद्र विमल मंजू लता सतभैया ने सौभाग्य प्राप्त किया। विधान में ध्वजारोहण करने का सौभाग्य डमरू लाल बड़कुल परिवार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन पं. अंकित शास्त्री ने किया।

# विपरीत मौसम के चलते चना की फसल में इल्ली का प्रकोप, किसानो की चिंता बड़ी

**गौरझामर, देशबन्धु।** पिछले एक पखवाड़े से यहां बने विपरीत मौसम के चलते रवि मौसम की चना फसल में इस समय इल्ली का व्यापक प्रकोप देखा जा रहा है किसानों ने हमारे संवाददाता को बताया है कि इस समय आसमान में घने काले बादलो के छाने एवं छिटपुट बरसात के कारण बने विपरीत मौसम के चलते इस बे-मौसम बारिश और लगातार बादल छाये रहने के कारण सूरज की तेज धूप फसलो को समय पर नही मिलने से चना की रवि फसल में इन दिनो कीट व्याधि इल्ली का प्रकोप सर्वाधिक देखने को मिल रहा है जिससे किसानों में भारी चिंता व्याप्त है। बता दे की इस बदले मौसम का असर अन्य फसलो बटरी, मसूर आदि पर भी पडा है।



# शिक्षा विभाग के कर्मचारी ने किया शासकीय भूमि पर कब्जा, बनाया जा रहा मकान



**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा ब्लाक की ग्राम पंचायत जमुनिया में एक दबंग व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है जिसके सबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच ने अधिकारियों को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है आवेदन में उल्लेख है कि ग्राम जमुनिया में नए आंगनबाड़ी भवन के पीछे तरफ धनीराम सौर जो की ग्राम जमुनिया का ही निवासी है, जिसका स्वयं का मकान है, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना रहा है कई बार निर्माण कार्य रोकने का बोला तो निर्माण कार्य नही रोक रहा है, उक्त व्यक्ति शाहगढ में शिक्षा विभाग में कर्मचारी भी है, उक्त कार्य पर रोक लगाने की मांग ग्राम पंचायत सरपंच ने की है।

# सागर में लगेगा 14 सौ खिलाड़ियों का जमावड़ा

**सागर, देशबन्धु।** 67 वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज प्रातः 11 बजे खेल परिसर में प्रभारी कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मनीष वर्मा सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे। जिसमें प्रदेश के 1400 से अधिक बच्चे शामिल होंगे, प्रतियोगिता में 10 संभागों के 1400 प्रतियोगी शामिल होंगे। जिसमें एथलेटिक्स बालक बालिका 17 वर्ष 19 वर्ष के प्रतियोगियों द्वारा खेल खेले जाएंगे एवं कूड़ो बालक बालिका 14 वर्ष 17 वर्ष 19 वर्ष की बालक बालिका शामिल होंगे, जिनके लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर सुनिश्चित की गई है। इसी प्रकार प्रतिभागिता स्थल पर चलित शौचालय, एम्बुलेंस, पानी का टैंकर, महिला पुलिस की व्यवस्था की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने प्रतियोगिता के संबंध में बताया कि प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए विभाग के द्वारा विभिन्न समितियां का गठन किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी भी अलग-अलग नियुक्त किए गए हैं। प्रतियोगिता में आदिवासी विकास संभाग इंदौर संभाग, जबलपुर, रीवा, सागर, भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, शहडोल एवं उज्जैन संभाग की प्रतियोगी शामिल होंगे।

# अक्षत कलश पहुंचा केसली, घर-घर पहुंचाया जाएगा अयोध्या मंदिर का निमंत्रण



**केसली, देशबन्धु।** अयोध्या में बन रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। अब इसके लिए श्रीराम मंदिर से अक्षत को लोगों के घरों तक पहुंचाये जाने के लिए अक्षत कलश रहली से केसली नगर पहुंचा जिसे केसली नगर के शिव पार्वती मंदिर में रखा गया है। देश के अलग-अलग शहरों में इसके लिए अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से अक्षत पहुंच रहे हैं। सागर जिले में भी इसी क्रम में अक्षत कलश पहुंचे हैं। अक्षत कलश में पहुंचे अक्षतों में अब और चावल एवं घी के साथ मिश्रित किया जाएगा। इसके पश्चात इन्हें नगर के घर-घर में बांटा जाएगा। यह अक्षत विशेष कलशों में केसली पहुंचे हैं, जिन्हें बांटने की जिम्मेदारी विश्व हिन्दू परिषद को दी गई है। विश्व हिन्दू परिषद के रहली विभाग के प्रभारियों को कलश सौंपे गए इनकी मात्रा बढ़ा ली गई तब इन्हें हल्दी और प्रभु श्रीराम की एक तस्वीर के साथ जिले के घरों में बांटा जाएगा। इसके जरिये लोगों को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आने का निमंत्रण दिया जाएगा। इस अवसर पर सुधीर भाई राजपूत, देवेंद्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह, सत्यनारायण चौबे, गोपाल विश्वकर्मा सहित समस्त हिंदू परिषद के सदस्य एवं जनमानस शामिल रहा।

# शोध में मप्र के पन्ना जिले में कुपोषण अधिक

**सागर, देशबन्धु।** मप्र के पन्ना जिले में 33.9 प्रतिशत कम वजन के बच्चे जन्म ले रहे है, यह राज्य से 14.43 प्रतिशत अधिक है। जन्म के समय बच्चे का वजन 2500 ग्राम से कम होना यानी कुपोषित होना एक गंभीर समस्या है डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में किये गए शोध में पाया गया कि पन्ना जिले में यह स्थिति अत्यधिक गंभीर है, किये गए शोध के अनुसार पन्ना जिले में साल 2019 एवं 2022 में 33.9 प्रतिशत नवजात जन्म के समय कम वजन एलबीडबल्यू के थे। जबकि मप्र में यह 19.47 प्रतिशत है पन्ना में मप्र के मुकाबले 14.43 प्रतिशत अधिक बच्चे कम वजन के जन्म ले रहे है, जिसमे साफ है कि पन्ना में जन्म के समय बच्चों के कम वजन का औसत राज्य की अपेक्षा अधिक है। इसके कई कारण है जिनमें से एक महत्वपूर्ण कारण है महिलाओं की आयु, कम आयु में गर्भधारण भी एक कारण है कम वजन के बच्चे पैदा होने से उनको विभिन्न संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है एवं शिशु मृत्यु दर भी ज्यादा होती है। इस पर शासन-प्रशासन और आमजन मिलकर कार्य नहीं करेंगे तो भविष्य में यह और भी भयाभय रूप ले सकती है। मानव विज्ञान विभाग एंथ्रोपोलॉजी के प्रो. डॉ. राजेश कुमार गौतम ने बताया कि यह शोध उनके निर्देशन में एक एमएससी के छात्र सूर्यकांत सोनी ने कि है उन्होंने छात्र कि प्रशंसा करते हुए बताया कि उक्त छात्र कि अभिरुचि सराहनीय है। एस शोध को एक बेहतरीन शोध पत्रिका में प्रकाशित होने पर बतौर शोध निर्देशक उन्होंने हर्ष व्यक्त किया।

### कम वजन के बच्चे जन्म लेने से सम्बंधित अहम बातें

जन्म के समय कम वजन का एक मुख्य कारण गर्भ में शिशु को पर्याप्त आहार न मिलना है ऐसा मां के कुपोषित होने से होता है। मां के कुपोषण कि वजह गरीबी के साथ अशिक्षा भी है। सामाजिक आर्थिक विषमता भी एक अहम चुनौती है। 66.1 प्रतिशत बच्चे सामान्य वजन के साथ पैदा हुए, जबकि 33.9 प्रतिशत बच्चे सामान्य से कम वजन के पाए गए। जिन महिलाओं का हीमोग्लोबिन का स्तर कम है उनके 36.7 प्रतिशत बच्चे कम वजन के पाए गए। जन्म के समय बच्चे का कम वजन होना कई शिशु रुग्णता कारन बनता है।

### प्रमुख जैविक करक है

गर्भकालीन आयु, जन्म के समय मां की आयु, रक्त समूह, हिमोग्लोबिन स्तर, प्राकतिक सामान्य अथवा सिजेरियन डिलीवरी इत्यादि। जन्म के समय कम वजन का एलबीडबल्यू का सीधा सम्बन्ध तात्कालिक व दीर्घकाल विकास के आलावा समग्र कल्याण के साथ देखा गया है। यह समस्या निम्न व माध्यम आय वाले परिवारों कि प्रमुख स्वस्थ समस्याओं में से एक है। शोध के आधार पर जन्म के समय कम वजन का एलबीडबल्यू को रोकने के दिए गए सुझाव।

### सामाजिक व आर्थिक विषमताओं को कम करने के प्रयास किये जाने चाहिये

गरीबी उन्मूलन एवं महिला शिक्षा पर और अधिक जोर देने कि आवश्यकता है। कम वजन के नवजात शिशुओं की दर को कम करने के लिए महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पर्याप्त आराम व पोषण को ध्यान में रखा जाये तो काफी हद तक इस दर को कम किया जा सकता है। कम वजन की यह दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है लिहाजा ग्रामीण स्तर पर गर्भावस्था में गर्भवती महिलाओं के पोष्टिक आहार पर जोर दिया जाये। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की 19 से 23 वर्ष और 35 वर्ष से अधिक आयु भी महत्वपूर्ण कारक है और विवाह कि उम्र सम्बन्धी कानूनों को कड़ाई से लागू किया जाना चाहिए।

# नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद गोदरे का निधन



**सागर, देशबन्धु।** स्वर्गीय श्री नाथूराम गोदरे के पुत्र स्वास्थ्य विभाग सागर संभाग के पूर्व संयुक्त संचालक तथा पूर्व सीएमएचओ प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद गोदरे का आज भोपाल में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे ।

डा. प्रमोद गोदरे का अंतिम संस्कार आज गोपालगंज स्थित विश्राम घाट पर जैन समाज और शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में उनके पुत्रों डा . प्रबुद्ध गोदरे एवं इन्जी. प्रवाल गोदरे द्वारा किया गया।

# सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय की शपथ ली




**सागर, देशबन्धु।** रविवार को मानव अधिकार दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व एनसीसी छात्र कर्नल राम सिंह ने सिविल लाइन कालीचरण चौराहे पर शहीद सैनिक कालीचरण तिवारी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया साथ ही एनसीसी के पूर्व छात्रों के द्वारा मानव अधिकार दिवस पर सभी के लिए स्वतंत्रता समानता और न्याय की शपथ ली।

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन



**बीना, देशबन्धु।** वर्तमान समय युग परिवर्तन का समय चल रहा है, सारे विश्व में परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में अखिल विश्व गायत्री परिवार जन-जन को गायत्री और यज्ञ के माध्यम से अपनी देव संस्कृति का बोध करवा रहा है। कैसे हम सारे विश्व में भारतीय संस्कृति का डंका बजाते रहे हैं और आगामी समय में भी भारत अपने आध्यात्मिक बल के माध्यम से समस्त विश्व को प्रकाशित करेगा। यह विचार आचार्य योगेश महाराज ने बीना के स्टेशन रोड पर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहूति के दौरान व्यक्त किए। बीना के स्टेशन रोड पर गायत्री शक्तिपीठ में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत युग संगीत के माध्यम से हुई। गुरु पूजन, माता पूजन, मां गायत्री का पूजन किया। आचार्य योगेश महाराज ने कहा कि गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा द्वारा 3200 पुस्तकों का सृजन किया गया है। इसमें वेद, पुराण, उपनिषद एवं जीवन के हर क्षेत्र में काम आने वाली पुस्तक सभी व्यक्तियों तक पहुंचाई जा रही है। विलुप्त हुए आर्ष ग्रंथ एवं अन्य साहित्य गायत्री परिवार में उपलब्ध है। गायत्री का महिमा बखान करते हुए उन्होंने बताया कि गायत्री साधना से मनुष्य की गुप्त शक्तियां जागृत होती है, जो सांसारिक जीवन के संघर्ष में अनुकूल प्रतिक्रिया उत्पन्न करती है। उत्साह, साहस, स्फूर्ति, आशा, दूरदर्शिता, तीव्र बुद्धि, अवसर की पहचान, वाणी में माधुर्य, व्यक्तित्व में आकर्षण, स्वभाव में मिलन, सरिता जैसी अनेक छोटी-बड़ी विशेषताएं उन्नत होती हैं। इसके बाद यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विद्याभारती के 1500 कार्यकर्ताओं का महाकुंभ जनवरी में



**सागर, देशबन्धु।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत का प्रांतीय समिति समागम 12 से 14 जनवरी 2024 तक भोपाल के शारदा विहार आवासीय विद्यालय में संपन्न होगा होगा। विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में पिछले 72 वर्ष से कार्य कर रही है। शैक्षिक उन्नति, कार्यकर्ता विकास एवं शिक्षा को समाज उपयोगी बनाने की दृष्टि से वर्षभर चलने वाले कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान देता है। इन्हीं कार्यकर्ताओं के विकास की दृष्टि से विद्या भारती मध्य भारत प्रांत यह कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिसमें 170 विद्यालय संचालन समितियों से 1500 समिति पदाधिकारी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की पूर्व तैयारी को लेकर रविवार को शारदा विहार भोपाल में बैठक आयोजित की गई। इसमें 16 जिलों के 105 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम की योजना एवं स्वरूप के संबंध में बताते हुए मध्य भारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी ने कहा कि इस समिति समागम में पूरे प्रांत के विद्यालयों को संचालित करने वाली समिति के पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य आमंत्रित रहेंगे। प्रांत में 170 समिति विद्यालयों का संचालन करती हैं जिससे 1500 समिति पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। प्रांतीय समिति समागम शिविर की सफलता की दृष्टि से कुछ चरणबद्ध कार्यक्रम तय किए गए। कार्यक्रम में डिजिटल प्रदर्शनी, शैक्षिक नवाचार, हमारे पूर्व छात्र विद्याभारती की चलने वाली विभिन्न शैक्षिक एवं सामाजिक गतिविधियों का प्रदर्शन भी प्रदर्शनी के माध्यम से होगा। प्रांतीय समिति समागम में विद्या भारती के अखिल भारतीय पदाधिकारी क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित सहभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। इस पूर्व तैयारी बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री भालचंद्र रावले, प्रांतीय संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी, प्रांतीय अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता, सचिव शिरोमणि दुबे एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय विद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मेलन



**सागर, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के 1987 बेच के पूर्व छात्रों के दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का समापन निजी होटल में हुआ। इस अवसर पर गुरुजनों डॉ. शोभा लाल विश्वकर्मा, डॉ. पीसी उपाध्याय, डॉ. आशा सोनवाने, डॉ. बीएस ठाकुर, डॉ. बीडी मिश्र, डॉ. सीएस यादव, डॉ. छत्रसाल मैडम, डॉ. सुधा मिश्र, डॉ. मधु शुक्ल, डॉ. सुषमा मोघे, डॉ. वाखले का सम्मान पूर्व छात्रों ने करते हुए कहा कि हम आज जिस मुकाम पर है उसमें गुरूओ का आशीर्वाद है। सम्मेलन में छात्रों ने अपने छात्र जीवन के किस्से साझा किये और गुरुओं की शिक्षा को नमन किया। कार्यक्रम संयोजकद्वय डॉ. संजीव सराफऔर समीर जैन, नागपुर से संजय प्रभाकर, बैंगलोर से अभय सप्रे, वर्धमान से कृष्णा राय, भोपाल से टीवी रवि, जबलपुर से राजेश काम्बले, देवेश तिवारी, यदनेश्वर ओकदे, पंकज मजूमदार, प्रमोद पटेल, जहीर खान, अतुल मिश्र सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

# मानवाधिार दिवस: सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय का दिवस

**सागर, देशबन्धु।** वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया। हमारे भारत में 28 सितंबर वर्ष 1993 से मानवाधिकार कानून अमल में लाया गया था साथ ही 12 अक्टूबर को राष्ट्रीय मानवा आयोग का गठन किया गया था। परंतु संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसम्बर 1948 को घोषणा पत्र को मान्यता दिये जाने पर 10 दिसम्बर का दिन मानवाधिकार दिवस के लिए चुना गया। इस पूरे विश्व में चाहे कोई भी देश हो प्रत्येक देश के प्रत्येक मनुष्य के लिए अपने अधिकारों के लिए समानता का अधिकार प्राप्त है और किसी भी देश में या देशों के मध्य वहाँ के लोगों में किसी भी प्रकार का नस्ल भेद, लिंग भेद, रंग भेद, धर्म, संस्कृति, भाषा का भेद या राजनैतिक भेद, संपत्ति अथवा अन्य कोई भी विचार इसमें बाधा नहीं है। इसीलिए मानवाधिकार का निर्माण भी किया गया है। इस बार मानवाधिकार आयोग दिवस 2023 की थीम भी है सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय। परन्तु यह विडम्बना ही है कि आज भी हमारे देश में कई लोगों को मानवाधिकारों के बारे में जानकारी ही नहीं है। शहरों में रहने वाले जो इसके बारे में जानकारी रखते हैं वे इसका उपयोग भी करते है, और इसका फायदा भी लेते हैं परन्तु गांवों में लोगों को इसकी जानकारी न होने के कारण उनके अधिकारों का हनन आज भी एक आम बात है। सबसे पहले तो हमें यह जानना जरूरी है कि वे कौन से ऐसे मामले हैं, जो मानवाधिकार हनन की श्रेणी में आते है। तो इसमें मोटे तौर पर उत्पीड़न, अभिरक्षा में यातना या मौत, मुठभेड़ में मौत, रिमांड होम व जेलों की स्थिति, दहेज मौत या संबंधित मामले, महिला उत्पीड़न, दुष्कर्म, हत्या, अत्याचार, बाल व बंधुआ मजदूरी, श्रमिकों की दशा, बाल विवाह, गरीबी उन्मूलन व सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम, चिकित्सकीय लापरवाही, वेतन व पेंशन, स्वच्छता व पर्यावरण आदि के मामले आते हैं। जिससे एक बात तो स्पष्ट रूप से तय हो जाती है कि मानवाधिकार का क्षेत्र बहुत बड़ा है। मानवाधिकार के लिए हमारे देश के कानून मानवाधिकारों की गारंटी तो देते हैं, लेकिन केवल कानून से क्या होगा। यह बात सही भी है कि जब तक व्यवस्था जिम्मदार नहीं बने तब तक केवल कानून व आयोग मानवाधिकारों की रक्षा नहीं कर सकते। इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय समय समय पर इसकी निगरानी करते रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर मानवाधिकारों की उचित व्याख्या की है। जैसे, महिलाओं की गिरफ्तारी व पूछताछ के समय महिला पुलिस का होना जरूरी है। संगीन मामलों को छोड़कर आरोपित व्यक्ति को हथकड़ी लगाने के लिए दंडाधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य है। मानवाधिकार आयोग लोगों की शिकायतों का संज्ञान लेता है। आयोग संचार माध्यमों से मानवाधिकार हनन की जानकारी मिलने पर स्वयं भी संज्ञान लेता है। बावजूद इसके आज भी हमारे समाज प्रदेश व देश में ऐसे बहुत से मामले सामने आ रहे हैं जहां मानवाधिकारों का हनन जारी है जैसे कि एक उदाहरण इसका महिला कानून ही है। हम महिलाओं की बात तो करते हैं पर पुरूषों के बारे में बात करना भूल जाते हैं। हम महिलाओं के अधिकारों की बात तो करते हैं पर पुरूषों के अधिकारों की बात करना भूल जाते हैं। हमारे समाज में पुरूषों को महिलाओं के शोषण से बचाने के लिए कोई कानून नहीं है। जिसके कारण ऐसी घटनाओं से पीड़ित पुरूष का जीवन मानसिक, भावनात्मक और साथ ही आर्थिक रूप से बहुत बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। खुद सुप्रीम कोर्ट ने सन् 2005 में धारा 498.ए के दुरूपयोग को कानूनी आतंकवाद कहा था। घरेलू हिंसा जैसे मामलों में पुरूषों एवं उनके परिवार वालों को दहेज कानून में फंसाने की धमकिया दी जाती हैं। कुछ महिलाओं द्वारा अपने पति व उसके पूरे परिवार को ही विरूद्ध झूठी प्राथमिकता दर्ज करा दी जाती है। ससुराल वालों को सबक सिखाने व प्रताड़ित करने के उद्देश्य से 498.ए व के अलावा आईपीसी की धारा 376.रेप तक का इस्तेमाल होने लगा है। भारत की यह विडम्बना है कि हमेशा से ही हमारे देश व समाज में महिलाओं को ही असहाय व कमजोर बताया जाता रहा है जिससे इसके शिकार हुए पुरूषों की बात पर कोई विश्वास नहीं करता। नतीजा यह होता है कि काफी कठिनाईयों और अपमान के कारण कई पुरूष हार मान लेते हैं और आत्महत्या तक कर लेते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए हमें एक समाज के तौर पर लोगों को जागरूक होकर विचार करने के साथ-साथ मानवाधिकार आयोग को भी इस पर विचार करना व इसे संज्ञान में लेता बहुत आवश्यक है। क्योंकि वर्तमान में यह समस्या मानवाधिकार के हनन से जुड़ी एक जटिल समस्या का रूप लेती जा रही है। इस बार मानवाधिकार आयोग दिवस 2023 की थीम भी है सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय।

हमारे देश में सबसे पहले महात्मा जोतिराव गोविंदराव फुले ने मानवाधिकार के लिए आवाज उठाई थी। इसके बात डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने देश के हर व्यक्ति को उसके सामान्य अधिकारों के लिए हर संभव लड़ाई लड़ी। वास्तव में मानवाधिकार वह है जहां पूरे विश्व में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति चाहे वो महिला हो या पुरूष लोगों में किसी भी प्रकार का नस्ल भेद, लिंग भेद, रंग भेद, धर्म, संस्कृति, भाषा का भेद या राजनैतिक भेद, संपत्ति अथवा अन्य कोई भी उसे उसके कुछ विशेष अधिकार प्राप्त हों साथ ही जो पूरी दुनिया को एक सूत्र में बांधते हों, स्वतंत्रतापूर्वक जीवन जीने की छूट प्रदान करते हों एवं जहां मनुष्य के साथ कोई भेदभाव न हो वो ही मानवाधिकार है।

**-आरंभ शुक्ला**
**लेखक एवं साहित्यकार, सागर**

## सार समाचार

### एक दिन के नवजात को कचरे के डिब्बे में डालकर भागे बाइक सवार

**बमीठा, देशबन्धु।** रविवार को सुबह करीब 5 बजे एक बाइक पर सवार होकर आये दो युवक एक दिन के नवजात को ग्राम बसारी में एनएच 39 के ओवरब्रिज के नीचे एक कचरे के डिब्बे में डालकर भाग निकले। सुबह घूमने निकले लोगों ने बाइक सवार दो युवकों को कपडे में लिपटी किसी चीज को चोरी से कचरे के डिब्बे में डालकर भागते देखा तो उन्हें संदेह हुआ। लोग जब तक कचरे के डिब्बे के पास पहुंचे तब तक बाइक सवार युवक भाग चुके थे। लोगों ने देखा कि कचरे के डिब्बे में एक दिन का नवजात बालक पडा हुआ है तो तुरंत 100 डायल वाहन को सूचना दी गई। इस दौरान लोग बाइक का नंबर ही नोट कर पाये, ये नंबर को पुलिस को दे दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कडाके की सर्दी में पडे बच्चे की नाजुक हालत को देखकर तुरंत 108 एंबुलेंस से मासूम को जिला अस्पताल पहुंचा दिया है। वहां उसकी देखरेख व इलाज किया जा रहा है। पुलिस का ऐसा मानना है कि अवैध संबंधों के चलते बिन ब्याही मां ने बच्चे को जन्म दिया होगा, लोकलाज के भय से उसे फेंक दिया गया है। बाइक नंबर के आधार पर इस मामले की जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर, देशबन्धु। थाना भगवाँ पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपियों, इनामी बदमाश, गिरफ्तार वारंटी एवं स्थाई वारंटी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। भगवा थाने के टीआई रामस्वरूप उपाध्याय के नेतृत्व में एसआई वीरेन्द्र परस्ते, चौकी प्रभारी घुवारा ने पुलिस टीम के साथ दुष्कर्म के आरोपी स्थाई वारंटी को ग्राम अगरौठा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी धारा 376 आइपीसी, 5/4 पोक्सो एक्ट, 3(1) (द), 3(1) (ध) एससीएसटी में लंबे समय से फरार था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जेल भेज दिया गया है।

झांसी मिर्जापुर नेशनल हाइवे पर हरपालपुर में बाइपास बनने से मिलेगी जाम से मुक्ति

# भूमि अधिग्रहण के साथ तेजी से किया जा रहा 9 किमी लंबे बाइपास का निर्माण





**छतरपुर, हरपालपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के परिवहन मंत्रालय से झांसी मिर्जापुर नेशनल हाइवे पर हरपालपुर में एक अरब 14 करोड़ की लागत से 9.607 किमी लंबा बाइपास बनना शुरू हो गया है।

इसके लिये भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों का जल्दी से जल्दी निराकरण करके जरूरी सभी औपचारिकताओं सहित निर्माण प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। जिससे समय सीमा में काम पूरा किया जा सके है। उल्लेखनीय है कि हरपालपुर नगर के बीच से गुजरने वाले हाईवे के कारण यहां दिन में कई बार जाम लगने की समस्या सालों पुरानी है। अक्सर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारण कई लोग बेमौत मारे गए और कई अपंग हो गए। इस समस्या के समाधान के लिए हरपालपुर से होकर मप्र की सीमा से उप्र की सीमा तक बाईपास मार्ग बनाने की मांग लंबे समय से बनी थी। लंबे इंतजार और जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस मामले में रूचि लेने से आखिरकार बाईपास रोड निर्माण की योजना सहित बजट को मंजूरी मिल ही गई और अब तो भूमि अधिग्रहण तेजी स करने के साथ निर्माण कार्य भी कराया जाने लगा है। टेंडर प्रक्रिया के बाद से निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए 24 माह की समय सीमा तय की गई है। इसकी निगरानी मप्र शासन के मुख्य सचिव कर रहे हैं, जिससे परियोजना समय से पूरी हो जाए।

### कागजी प्रक्रिया पूरी न होने से अटका मुआवजा

बाइपास निर्माण में भूमि अधिग्रहण में कागजी प्रक्रिय पूरी न होने और कई अन्य कारणों से रूकावट आने से कंस्ट्रक्शन कंपनी और किसानों के बीच विवाद हो रहे हैं। जिससे काम में रूकावट आ रही है। इसे देखते हुये बीते रोज एसडीएम विशा मघवानी द्वारा बाईपास निर्माण कार्य का मुआयना करने के बाद किसानों के साथ बैठकर जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करके उन्हें मुआवज़ा राशि दिलाने का भरोसा दिलाया है। एसडीएम ने किसानों से बातचीत करके मुआवज़ा न मिलने से निर्माण हो रही देरी को लेकर सभी प्रकरणों में आपत्तियों का निराकरण जल्दी कराने का भरोसा दिलाया। एसडीएम ने बताया कि बाईपास में जिन 800 किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई है। उन्हें जल्दी मुआवज़ा राशि वितरित की जाना है। उन्होंने बताया अभी तक 500 किसानों द्वारा समय पर दस्तावेज न देने, बरसाना, आपसी पारिवारिक विवाद, न्यायालय प्रकरण व अन्य तरीकों की आपत्तियों के चलते उन्हें मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है। इन सभी समस्याओं का जल्दी निराकरण कर किसानों को मुआवज़ा राशि दिलाई जायेगी। किसानों

### इस प्रकार बनेगा 9 किमी लंबा बायपास

झांसी मिर्जापुर नेशनल हाईवे पर स्थित और उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे हरपालपुर नगर के लोगों को अब सड़कों पर जाम की समस्या से स्थाई रूप से छुटकारा मिलने वाला है। दरअसल हरपालपुर में 9.607 किमी लंबे बायपास का निर्माण आरंभ हो गया है। भोपाल की कंपनी आइकॉन को बाइपास निर्माण का काम मिला है। ये बाईपास झांसी मिर्जापुर हाईवे को दोनों ओर से जोड़ेगा। यह रास्ता नगर के बाहर से बनाए जाने से कोई भी भारी वाहन हरपालपुर नगर के बीच से नहीं गुजरेगा। इस बाईपास के रास्ते में मप्र के ग्राम गलान, नाउपहारिया, सरसेड़ और गुढो पड़ेंगे। इसके बाद यह मार्ग उत्तर प्रदेश के ग्राम बगरोनी व तेईया के पास एनएच 339 झांसी मिर्जापुर हाइवे को जोड़ेगा। बाईपास रोड निर्माण के लिए मप्र के चार व उप्र के दो गावों से 42.50 हेक्टेयर कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। इसमें 10 मीटर चौड़ी डामर की सड़क बनाई जाएगी। इसके दोनों ओर एक एक मीटर के साइड सोल्डर मिट्टी के तैयार होंगे। इस मार्ग में चार पुलिया, सात बाक्स पुलिया, दो माइनर ब्रिज आरसीसी से तैयार किए जाएंगे। बाइपास रोड में झांसी मानिकपुर रेलवे लाइन बीच में आने के कारण ईदगाह और रेल फाटक के बीच में एक ओवरब्रिज भी बनाया जाएगा। इस आरओबी की लंबाई 1250 मीटर और 16 मीटर चौड़ाई रखी जाएगी। जिससे नगर में रेलवे क्रॉसिंग पर लंबा जाम नहीं लगेगा।

## 2 दुकानों के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात ले उड़े चोर



**खजुराहो, देशबन्धु।** राजनगर के राजामार्केट में लगभग 8 चोरों के द्वारा रात करीब 2 बजे सोने चांदी की दो बड़ी दुकानों के ताले तोड़कर तोड़कर लाखो रुपये के सोने चाँदी के जेवर चुराकर रफूचक्कर हो गए है।

राजनगर के व्यापारी विनोद उर्फ मुन्ना सोनी और ओमप्रकाश सोनी की दुकानों के ताले तोड़े गए है। निशांत सोनी द्वारा बताया गया कि लगभग 7 से 8 अज्ञात चोरों के द्वारा ताले तोड़कर लगभग 9 से 10 किलो चांदी एवं 10 ग्राम सोना चुराया गया है। पास में ही ओमप्रकाश सोनी की दुकान से भी 14 से 15 किलो चांदी और 30 ग्राम सोने के समान सहित कुछ नगदी चोरी हुई है। चोरों द्वारा बड़ी आसानी से दोनो दुकानों में चोरी किये हुए सोने चांदी के डिब्बो मैं से सामान निकालकर डिब्बों को बगल में पुरानी गढ़ी में फेंककर भाग गए। यहाँ चोरी करने के बाद चोर राजनगर थाने के पास रामबाग पहुंचे और एक घर के बाहर रखी सेख अरफान और बीरू खान की दो बाइक भी ले उड़े। दोनो चोरी की घटनाए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी राजनगर पुलिस को लगते ही थाना प्रभारी पंकज शर्मा सहित पुलिस बल, एफएसएल और डॉग स्कॉट की टीम ने मौका मुआयना किया। राजनगर थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने व्यापारियों को आश्वास किया कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## संयुक्त सचिव ने फूट फॉरेस्ट का निरीक्षण कर कार्य को सराहा



**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव एनबीएस राजपूत ने कलेक्टर संदीप जीआर के साथ छतरपुर शहर के देरी रोड पर स्थित फ्रूट फॉरेस्ट का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उन्हें पूरे कार्य के बारे में बताया, जिसे उन्होंने खूब सराहा। उन्होंने मियावाकी फार्माकल्चर पद्धति से फ्रूट फारेस्ट में रोपे गए पौधों के कार्य की सराहना की। उन्होंने फ्रूट फारेस्ट में घूमने के लिए ट्रेक बनाने के लिए निर्देशित किया।

उन्हें बताया गया कि जिले के अन्य जनपदों में भी फ्रूट फारेस्ट की तर्ज पर बड़ी संख्या में पौधरोपण करके उनका रखरखाव किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने शहर के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम प्रांगण में बनाये जा रहे सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण कार्य और बैडमिंटड हॉल का मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने सिंचाई कॉलोनी में बनने वाली हाईटेक सेंट्रल लाइब्रेरी के स्थल का भी मौका मुआयना किया। इस दौरान एसीईओ चंन्द्रसेन सिंह, खनिज अधिकारी अमित मिश्रा, तहसीलदार रंजना यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जमीन विवाद को लेकर 2 पक्षो में हुआ खूनी संघर्ष, 4 महिलाओं सहित दर्जनों घायल



- दोनों पक्षों के घायलो का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**घुवारा, देशबन्धु।** पुलिस अनुभाग के थाना भगवाँ अंतर्गत ग्राम फुटवारी में शनिवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों की ओर से एक दूसरे पर लाठी कुल्हाड़ी से मारपीट की गई मारपीट में चार महिलाओ सहित ढाई दर्जन लोग बुरी तरह से घायल हो गए ।

जानकारी के मुताबिक फुटवारी ग्राम के एक पक्ष लोधी समाज व दूसरे पक्ष जिसमें आदिवासी बंशकार समाज के लोग शामिल है दोनो पक्षों के बीच उसेनिया हार में जमीन विवाद को लेकर शनिवार की शाम को दो पक्षो के बीच जमकर लाठी कुल्हाड़ी डंडों से एक दूसरे पर जमकर मारपीट की गई जिससे दोनो पक्षो में से उत्तम आदिवासी पन्ना अदिबासी नन्दु अदिबासी अमरीश आदिवासी दीपक अदिबासी जगदीश अदिबासी ललिती बंस कार मुलिया अहिरबार जानकी अदिबासी एवम रामप्रसाद लोधी हरचरन लोधी लक्ष्मी लोधी लाल उर्फ अर्जुन लोधी मुकेश लोधी जगदीश लोधी मानिक लाल लोधी गोवर्धन लोधी हरिराम लोधी निबासी फुटवारी घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक घटना के वक्त मौके पर थाना की पुलिस भी पहुंच गई थी लेकिन उनकी किसी ने नही सुनी। और एक दूसरे को मारपीट करते रहे तभी पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए दोनों पक्षों को अलग-अलग किया और सभी घायलो को सी एच सी बड़ामलहरा भेजा गया । जहाँ एस डी ओ पी वीरेंद्र बहादुर सिंह सहित पुलिस दल बल की मौजूदगी में सभी घायलो का प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायल लगभग आधा दर्जन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां दोनों पक्षों के घायलों का इलाज जारी है वहीं पुलिस ने जांच शुरू करते हुए दोनों पक्षों पर मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है लेकिन रविवार की सुबह से ही गांव का माहौल तनाव पूर्ण दिखाई देने लगा जहां भंगवा सहित आसपास के थानों से भारी पुलिसबल ने मौके पर जाकर गांव में चल रहे तनाव पर काबू पाने की कोशिश की जा रही लेकिन खबर लिखे जाने तक गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है और मौके पर भारी पुलिसबल तैनात हैं।

### इनका कहना है

जब इस संबंध में भंगवा थाना प्रभारी टीआई रामस्वरूप उपाध्याय से बात हुई तो उनका कहनाहै कि जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ दोनों पक्षों पर मामला पंजीबद्ध कर लिया है साथ ही घटना की जांच जारी है।

## न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पहुंचते ही नेकी का अलाव शुरू



**नौगांव/छतरपुर, देशबन्धु।** इस साल समुद्री तूफान मिचोंग और पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादलो का डेरा जमा रहा इसलिये मौसम में इतनी गिरावट नहीं आयी। जितनी हरसाल इन दिनों तक आ जाती थी लेकिन जैसे ही बादल धीरे धीरे छंटना शुरू हुये तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और राहगीरों के लिये ठंड से कुछ राहत देने के लिये नेकी का अलाव शनिवार से शुरू हो गया।

नगर में स्थित एंजिल पब्लिक स्कूल के संचालक अभिषेक त्रिपाठी के द्वारा समाजसेवा करने का एक अलग ही जुनून है वह पिछ्ले पांच सालों से रात्रि कालीन भोजन वितरण करवा ही रहे है। पहले गणेश मंदिर चौराहे पर और अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज कराने आये मरीजों के अटेंडरो को निन्शुल्क भोजन व्यवस्था प्रतिदिन शाम 7 बजे की जाती है। यह नेक कार्य कोविड काल में भी नहीं रूका उस दौरान जन सहयोग भी मिला और जरूरतमंदों को भोजन के साथ निन्शुल्क मास्क और राशन किट भी उपलब्ध करायी गयी।

### सर्दी आते ही अलाव और कंबल की करते व्यवस्था

अभिषेक द्वारा नेकी सेवालय के नाम से जो संस्था चलायी जा रही है वह बकाई नेक कार्य करती है क्योकि सर्दी के मौसम में जो राहगीर मुसाफिर रात के समय यात्रा करने के लिये घरो से निकलते है या यात्रा करके वापिस जाते है या जो मोटर साईकिल से गुजरते है उनको बस स्टैण्ड पारासर मेडील के सामने अलाव जलाकर ठंड से कुछ राहत देने की व्यवस्था की जाती है शनिवार को नपाध्यक्ष अनूप तिवारी के द्वारा नेकी के अलाव की शुरूवात की गयी । जो अब जनवरी माह तक प्रतिदिन जलेगा। इसके अलावा शनिवार से ही खुले आसमान में जो राहगीर यात्री प्रतिक्षालय के अलावा अन्य स्थानों पर मिले उनको कंबल भी निन्शुल्क उपलब्धर कराया गया। नेकी के अलाव शुरू करने के दौरान पंकज खरे, ओमजी , राहुल रूसिया, वीरेन्द्र पारासर, सनातन रावत, संजय अवस्थी, रानू राजा, नितिन नामदेव, रामप्रकाश सेन मौजूद रहे। जैसे ही सर्दी बढ़ेगी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नेकी का अलाव शुरू कर दिया जायेगा जिससे आने वाले और भर्ती मरीजो के परिजनों को राहत मिलेगी।

## दस दिनों में यूरिया की तीसरी रैक पहुंची हरपालपुर, किसानों को मिलेगी राहत



**हरपालपुर, देशबन्धु।** जिले में यूरिया की किल्लत लगातार बनी है। फसलों में छिड़काव के लिए मांग के अनुरूप यूरिया नहीं मिल रही है। हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर दस दिन में यूरिया की तीसरी रैक रविवार सुबह 6 बजे आ जाने से अब किसानों को राहत जरुर मिल जाएगी। यूरिया की रैक आ जाने से यूरिया की मांग पूर्ति होने की उम्मीद बढ़ी है। साथ ही कालाबाज़ारी पर भी लगाम लग सकेगी।किसानों की उम्मीदों की नई खेप के रूप में रविवार की सुबह 6 बजे एनएफएल कंपनी की यूरिया की रैक हरपालपुर स्टेशन पहुंची हैं। परिवहन ठेकेदार द्वारा ट्रकों के माध्यम से मार्कफेड के गोदामों सहित छतरपुर और टीकमगढ़ जिले के पलेरा के मार्कफेड गोदाम में भेजना शुरु कर दिया गया है। जिले में किसानों को यूरिया की एक बोरी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था। सरकारी गोदाम व सोसायटियों के लिए यूरिया की रैक आने से किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिल सकेगा। अब किसानों को अब एक एक बोरी के लिये घंटो लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।

### इस तरह बांटी जयेगी यूरिया

रैक पॉइंट पर युरिया रैक का निरीक्षण करने पहुंचे उर्वरक निरीक्षण सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर उतरी यूरिया रैक में से मार्कफेड के छतरपुर गोदाम के लिए 360 एमटी टन, हरपालपुर के लिए 170 टन, बमीठा के लिए 240 टन, लवकुशनगर 300 टन, बिजावर 240 टन, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छतरपुर के लिए 240 टन, एमपी एग्रो के लिए 90 टन और टीकमगढ़ जिले के पलेरा में मार्कफेड गोदाम के लिए 240 टन यूरिया भेजा जाएगा। उर्वरक निरीक्षक श्री अग्रवाल ने बताया कि सुबह 6 बजे आई एनएफएल यूरिया की रैंक का परिवहन करने के लिए ठेकेदार द्वारा ट्रैकों के माध्यम से रैंक पॉइंट से खाद का उठाव शुरू कर दिया।

## महाराजा छत्रसाल भारतीय पराक्रम पर व्याख्यान एवं ऋषि मार्कण्डेय आयुर्वेदिक वन का उद्घाटन आज

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में महाराजा छत्रसाल भारतीय पराक्रम भाषण माला के नाम से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली पहली भाषणमाला का शुभारंभ वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 11 दिसंबर करेंगे। इसी के साथ वाइस एडमिरल श्री त्रिपाठी ग्राम गौरैया स्थित यूनिवर्सिटी के नए परिसर में ऋषि मार्कण्डेय आयुर्वेदिक वन का उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शुभा तिवारी करेंगी। मीडिया सेल के संयोजक डा. एसपी जैन ने बताया विश्वविद्यालय में महाराजा छत्रसाल भारतीय पराक्रम भाषण माला के अंतर्गत नेतृत्व कौशल - एक भारतीय संदर्भ विषय पर मुख्य वक्ता वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, एवीएसएम, एनएम, फ्लैग आफिसर, कमांडिंग इन चीफ, पश्चिमी नौसेना का उद्घाटन व्याख्यान देंगे। पहला व्याख्यान 11 दिसंबर को अपरान्ह चार बजे विश्वविद्यालय के जगदीशचंद्र बोस हॉल में रखा गया है। उल्लेखनीय है यह भाषण माला प्रतिवर्ष आयोजित की जाएगी, जिसकी विषयवस्तु भारतीय ज्ञान परंपराएं रहेंगी। उन्होंने बताया विश्वविद्यालय के गौरैया स्थित नए परिसर में 11 दिसंबर को ही दोपहर दो बजे ऋषि मार्कण्डेय आयुर्वेदिक वन( फेज- 1) का उद्घाटन पौधरोपण के साथ विधिविधान से होगा। दोनों कार्यक्रमों के लिए कुलपति प्रो. शुभा तिवारी एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में समितियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लाइटिंग, नेचुरल टर्फ और सिंथेटिक रनिंग ट्रेक से सुसज्जित होगें खेल ग्राउंड

## बैडमिंडन टूर्नामेंट की विजेता और उपविजेता टीमें पुरस्कृत



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में आयोजित चार दिवसीय बैडमिंडन टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। छतरपुर के स्टेडियम प्रांगण में स्थित बैडमिंडन हॉल में चार दिवसीय छतरपुर प्रीमियर लीग बैडमिंडन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। समापन के दौरान कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट में छः टीमों को आमंत्रित किया गया है। इन टीमों को तीन ग्रुप में बांटा गया था। जिसमें छतरपुर लायंस, झांसी जायंट, जबलपुर जैगुआर, पन्ना टाइगर, टीकमगढ़ टाइटंस एवं दतिया डेविल्स शामिल हैं।इस खेल में खिलाड़ियों ने भरपूर मनोरंजन किया। इस टूर्नामेंट में 50 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की जबलपुर को टीम विजेता बनीं और 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग महोबा की टीम उप विजेता बनीं। प्रथम विजेता टीम को 11 हजार नगद, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया और द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को 5 हजार की नगद राशि ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही ओपन वर्ग में छतरपुर की दोनों टीम जो प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं। इनको भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और उनके कोच को भी सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि पूरी लगन मेहनत से खेल को खेल को भावना से खेलें और अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा छतरपुर जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने और उन्हें सफलता के आयाम पर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर एडीएम नमः शिवाय अरजरिया सहित अन्य अधिकारी और टीमों के कोच, बैडमिंडन खिलाड़ी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देशन में बैडमिंडन हॉल को बेहतर और सुदृढ़ बनाया गया है। साथ ही स्टेडियम को भी सिंथेटिक बनाने का काम जारी है।

### छतरपुर, बड़ामलहरा, बिजावर में बन रही स्पोर्टस फील्ड

कलेक्टर के निर्देशन में छतरपुर स्टेडियम में 4 करोड़ रुपए की लागत, बिजावर में 2.95 करोड़, बड़ामलहरा में 2.95 करोड़ की लागत स्पोर्ट फील्ड को तैयार करने का काम जारी है। साथ ही गौरीहार के ग्राउंड को 1.5 करोड़ की लागत से तैयार करने का काम भी शीघ्र प्रारंभ होगा। इस कार्य के होने से ग्राउंड में सिंथेटिक रनिंग ट्रेक, फुटबॉल फील्ड, बॉलीबॉल ग्राउंड (छतरपुर स्टेडियम), नेचुरल टर्फ, लाइटिंग इत्यादि काम किए जाएंगे।

देशबन्धु

सागर, सोमवार 11 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## महुआ : अदानी पर सवाल पूछने की सज़ा

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की उस बात को एक बार फिर से सही साबित कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'देश में पहले क्रमांक पर गौतम अदानी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह उनके नीचे हैं।' शुक्रवार को जिस प्रकार से तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोईत्रा को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया, उससे संदेश गया है कि जो भी अदानी के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज़ ऐसे ही बन्द की जायेगी। वैसे अपनी सदस्यता जाने के बाद जिस प्रकार से महुआ ने अपनी लड़ाई जारी रखने के इरादे जाहिर किये हैं और सारा विपक्ष उनके समर्थन में लामबन्द हुआ है, उससे स्पष्ट है कि महुआ को लोकसभा से निकालना मोदी के लिये महंगा साबित हो सकता है।

मोदी सरकार द्वारा जिस तरह से एक के बाद एक सारी सार्वजनिक सम्पत्तियां अदानी के हवाले की जा रही हैं, उसे लेकर राहुल गांधी लगातार हमलावर रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष सितम्बर में निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मोदी द्वारा अदानी को दिये जा रहे संरक्षण पर सवाल किये थे। बाद में उन्होंने मोदी-अदानी के रिश्तों को लोकसभा में भी उठाया था। इसके चलते गुजरात की एक अदालत में लम्बित मानहानि की याचिका के आधार पर इस साल के प्रारम्भ में राहुल की सदस्यता भी छिनी गई थी। महुआ भी मोदी सरकार के उसी कोप का शिकार हुई हैं। उन पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया गया था। यह मामला संसद की आचार समिति (एथिक्स कमेटी) के पास विचारार्थ गया था। समिति ने उन्हें इस बात का दोषी पाया कि उन्होंने एक समूह विशेष के खिलाफ ज्यादातर सवाल पूछे और इसके लिये अपना लॉग इन पासवर्ड बाहरी व्यक्ति को दिया। शुक्रवार को करीब 500 पन्नों की रिपोर्ट लोकसभा के पटल पर रखी गई और इस पर चर्चा के लिये बहुत अल्प समय रखा गया। अनेक सदस्य मांग करते रहे कि इस पर कुछ दिनों के बाद चर्चा हो ताकि सदस्यगण प्रस्तुत रिपोर्ट का ठीक से अध्ययन कर सकें। सरकार ने यह बात नहीं मानी और सदन में अपने बहुमत के बल पर महुआ की सदस्यता रद्द कर दी।

उल्लेखनीय है कि इसके पहले जब कमेटी के समक्ष उनका बयान हुआ था, तो उनसे बेहद अशिष्ट और अशोभनीय सवाल किये गये थे जो किसी भी महिला की गरिमा के खिलाफ थे। उन्हें वकील के जरिये जिरह की अनुमति भी नहीं मिल सकी थी जो कि किसी भी आरोपी का नैसर्गिक अधिकार होता है। सदन में महुआ के पक्ष में खड़े सदस्यों ने इस प्रक्रियागत त्रुटि की ओर ध्यान दिलाया परन्तु सम्भवत: उस कमेटी ने ऐसा सायास किया था जिसमें भाजपा के सदस्यों का बहुमत है। वैसे भी इस मामले में एथिक्स कमेटी ने जिस प्रकार से सुनवाई की, उसमें कई तरह की खामियां हैं। जिस निशिकांत दुबे की ओर से यह शिकायत दर्ज की गई थी, उनका प्रतिपरीक्षण (क्रॉस एक्जामिनेशन) नहीं हुआ। इसके अलावा महुआ को अपनी बात कहने का अवसर भी नहीं मिला- न तो कमेटी के सामने और न ही लोकसभा में। इसमें सबसे बड़ी कमी तो यह है कि उनके पास से कोई नगदी या वे वस्तुएं बरामद नहीं हुई हैं, जिनके बारे में कहा गया कि सांसद ने इसके एवज में सवाल किये थे। यानी कि आरोप को सही साबित करने के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गये। फिर उनके खिलाफ आयकर, प्रवर्तन निदेशालय या सीबीआई तो दूर की बात है, पुलिस द्वारा भी अपराध दर्ज नहीं किया गया जो इसलिये होना था क्योंकि यह तो आपराधिक मामला बनता है।

बहरहाल, यह देश के सामने अब स्पष्ट हो गया है कि अदानी के बाबत प्रश्न पूछने का अर्थ है उसके लिये किसी को भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। खासकर, अगर वह ऐसे मंच से बोले जिससे अदानी को किसी भी तरह का नुकसान होने का अंदेशा हो। चूंकि संसद में उठाये जाने वाले मामलों की गूंज न केवल देश भर में वरन पूरी दुनिया में सुनी जाती है, मोदी सरकार के लिये ऐसी आवाज़ों को बन्द कराना बहुत आवश्यक हो जाता है। जब हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी तो अदानी की कम्पनियों के शेयर रातों-रात नीचे गिर गये थे। जैसा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री सत्यपाल मलिक कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा मोदी का है और अदानी तो एक तरह से उनका मैनेजर है', यह कोई भला कैसे बर्दाश्त कर सकता है कि अदानी के बाबत कोई सवाल किये जायें?

जो कीमत पहले राहुल ने चुकाई वही अब महुआ को चुकानी पड़ रही है। जिस प्रकार पहले राहुल को सदन से निकालना मोदी व भाजपा को भारी पड़ा था, वैसे ही महुआ के मामले में भी होता दिखाई दे रहा है। सदस्यता जाने के बाद महुआ ने प्रेस के समक्ष मोदी को खुली चुनौती दी है कि वे बाहर भी अपनी लड़ाई जारी रखेंगी। जब वे मीडिया को सम्बोधित कर रही थीं, कांग्रेस की नेत्री सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबन्धन इंडिया के कई नेता उनके साथ मौजूद थे। वहीं टीएमसी की सुप्रीमो व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने भी इसे लेकर मोदी सरकार के प्रति गुस्सा दिखाया और बड़ी लड़ाई का ऐलान किया जो बताता है कि महुआ अकेली नहीं है। महुआ एपीसोड ने सम्पूर्ण विपक्ष को एक कर दिया है। पांच में से तीन (राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) राज्यों में मिली पराजय के कारण जो कांग्रेस कमजोर दिख रही थी, इंडिया समेत वह फिर से सशक्त दिख रही है।

# अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय टाटा!

कहानी मत सुनो इनकी कहानी मालूम करो। तीन जीते हुए राज्यों को हारने के बाद कांग्रेस ने फटाफट इनकी समीक्षा बैठक कर ली। क्या नया निकला उसमें से? कुछ नहीं। जो खुद हार के जिम्मेदार हों वे क्या बताएंगे?

हम पहले भी कई बार लिख चुके हैं फिर लिख रहे हैं कि राहुल के पास नई कांग्रेस बनाने का मौका था। अब भी है। मगर वे खाली रिपेयर से काम चला रहे हैं। कांग्रेस के पास वह माध्यम ही खत्म हो गए हैं जिसके द्वारा वह अपनी बात लोगों तक पहुंचा पाए। जब मीडिया आपका साथ नहीं दे रहा। बल्कि यह कहना चाहिए कि पूरी तरह आपके खिलाफ है तो उसमें जाकर रोज अपना चेहरा दिखाने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करना चाहिए। यह प्राइवेट एजेन्सियां कांग्रेस इतना हायर करती है और पता नहीं कितना करोड़ों लेकर कांग्रेस को वह उतना ही हरवाती हैं जितना वह उनके बिना हार रही होती है। कुछ लोग तो यह भी कहते हैं कि यह उम्मीदवारों का सर्वे, विज्ञापन, प्रचार करने का ठेका लेने वाले अगर नहीं होते तो कांग्रेस के कुछ उम्मीदवार ज्यादा ही जीतते। ये जीताने वाले चुनाव विशेषज्ञ नहीं होते पैसा कमाने वाले धंधेबाज होते हैं।

अगर इनके सर्वे के हिसाब से ही टिकट मिले तो फिर टिकट बेचने की शिकायतें कहां से आ गईं? इनके लड़के और लड़कियां जो फील्ड में जाते हैं वे कौन होते हैं। दूसरे समय में वे सेल के काउंटरों पर सेल्समेन और सेल्स गर्ल का काम करते हैं। उन्हें किसी प्रोडक्ट की क्वालिटी के बारे में मालूम नहीं होता वह तो जिस चीज को आप उठाकर देखने लगो उसको कहने लगते हैं कि हां अच्छी है। ऐसे ही यह सर्वे वाले क्षेत्र में जाकर जो उनसे मिल लेता है। सेवा सत्कार कर देता है उसे सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बता देते हैं।

मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा सर्वे का हल्ला था। और कांग्रेस सबसे ज्यादा बुरी तरह मध्य प्रदेश में ही हारी है। छत्तीसगढ़ में तो कोई कह ही नहीं रहा था कि कांग्रेस हार भी सकती है। मगर अब वहां के अख़बार टिकट बेचने की खबरों से भरे पड़े हैं। कांग्रेस के नेता खुलेआम टिकट बेचने के आरोप लगा रहे हैं। राजस्थान मध्य प्रदेश में ऐसे ही आरोप लग रहे हैं।

कांग्रेस में यह तो पुरानी शिकायत है कि जितना पैसा उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए भेजा जाता है उसमें से बड़ा हिस्सा कमीशन के नाम पर काट लिया जाता है। लेकिन इस बार एक नई शिकायत और सुनने को मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के इंतजाम के लिए 25-25 लाख रुपए हर जगह भेजे गए थे। उसमें से आधे खर्च किए जाते थे और आधे बांट लिए जाते थे। कांग्रेसी पार्टी अध्यक्ष को भी नहीं छोड़ते!

राहुल को यह सब चीजें मालूम करना चाहिए। जैसे उम्मीदवारों के सर्वे के लिए कहते हैं तीन-तीन एजेन्सियों से करवाया गया। वैसे ही हर राज्य के लिए दो या तीन लोगों को पहुंचाना चाहिए। पार्टी के। इसके अलावा राहुल को अपने आफिस के लोगों से भी थोड़ा काम लेना चाहिए। उन्हें भी फील्ड में भेजना चाहिए कि क्या हुआ, क्या हो रहा है मालूम करके आएं। और तीसरे उन प्राइवेट एजेन्सियों से पूछना चाहिए जिन्हें इतना पैसा दिया है कि लिखित में बताओ कि क्यों हारे?


शकील अख्तर

> कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा!

यह तीनों राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान हारने के नहीं थे। कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है। दोषी कौन है? वही जो जीत जाते तो इसका श्रेय लेते। मध्य प्रदेश में कमलनाथ, राजस्थान में गहलोत और पायलट एवं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव। यही तो गाल बजाते। 2018 में यही तो किया था। राहुल को एक रत्ती जीत का श्रेय नहीं दिया था। अब हारे हैं तो मानें अपनी गलतियां। क्या किसी ने कहा कि मैं इस्तीफा देता हूं?

मैं अपना अहंकार, गुटबाजी में लगे रहना, आत्ममुग्धता स्वीकार करता हूं? तीनों राज्यों की रिव्यू मीटिंग हो गई। कहीं पश्चाताप के स्वर सुनाई दिए। दिग्विजय ने 2003 की हार के बाद दस साल तक कोई पद नहीं लिया था। क्या इनमें से कोई ऐसा है जो एक साल भी बिना पद के रह सके?

कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा! महाजन येन गत:स पंथा:। इस समय का मार्ग यह ही है। और कांग्रेस भाजपा का क्यों माने? खुद उसकी नेता इन्दिरा गांधी सत्ता की मजबूत केन्द्र थीं। जिस राजस्थान में गहलोत और पायलट लड़ते रहे और राहुल कोई फैसला नहीं कर पाए। वहां इन्दिरा गांधी ने मोहनलाल सुखाडिया और हरिदेव जोशी जैसे नेताओं के बीच में से बरकतउल्लाह खान जैसे सामान्य कांग्रेसी को मुख्यमंत्री बना दिया था। और ऐसे ही जोशी और शिवचरण माथुर के झगड़े के बीच में से दलित जगन्नाथ पहाड़िया को मुख्यमंत्री बनाया था।

तो इन्दिरा ऐसे सख्त फैसले लेकर ही कांग्रेस की नेता बनी रह पाईं। हम उससे पहले 1969 का जिक्र नहीं कर रहे जहां इन्दिरा ने और कठिन फैसले लिए थे। इन्दिरा के टाइम में टिकट बेचने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता था। जैसे आज मोदी के समय में कोई सोच भी नहीं सकता। इतनी सख्ती तो जरूरी है। यूपी और बिहार में टिकट बेचने की हर बार कहानी आती है। और वहां कांग्रेस की हार का यह एक प्रमुख कारण है। मगर आज तक वह दलाल पकड़े नहीं गए।

क्या राहुल और प्रियंका को मालूम है कि कांग्रेस मुख्यालय में उनके बारे में कैसी बातें की जाती हैं। बाहर सोशल मीडिया, गोदी मीडिया और भाजपा के आईटी सेल में जो बातें आती हैं उनका उद्‌गम कांग्रेस से ही होता है। राहुल और प्रियंका की यह क्या मजबूरी है जो वे उपहास करने वाले चरित्रहनन करने वाले कांग्रेस के स्टाफ से लेकर पदाधिकारियों तक को सह रहे हैं? यहां तक कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी के साथ लगा दिए गए किस आदमी की निष्ठा कहां है यह किसी को क्या मालूम है? कुछ हजारों पर बिक जाने वाले लोग करोड़ों तो छोड़िए लाखों पर क्या-क्या कर सकते हैं इसकी क्या कांग्रेस नेतृत्व को खबर है?

आज राज्यसभा सदस्य धीरज साहू की चर्चा है। कांग्रेस कहती है हमसे कोई मतलब नहीं। अच्छा तो फिर इसे राज्यसभा सदस्य किसने बनाया था? राहुल सिर्फ यही पूछ लें कि 2008 में किसके कहने से इसे राज्यसभा दी गई थी? सीधा मैसेज चला जाएगा कि राहुल सब जानना चाहते हैं। सब लाइन में आ जाएंगे।

बाकी कांग्रेस स्वतंत्र है। जैसे 2012 के बाद से एडाकहिज्म (तदर्थवाद) पर चल रही है। वैसे अपने खत्म होने तक चल सकती है। राजनीति में शून्य (वैक्यूम) तो होता नहीं। कोई दूसरी पार्टी जगह भर देगी। लेकिन अगर कांग्रेस नहीं सुधरी तो उसे 2024 लोकसभा में भी कोई उम्मीद नहीं रखना चाहिए। आधे अधूरे मन से राजनीति करने का अब समय नहीं है। यह सोनिया गांधी और वाजपेयी के दौर में चल गया। अब मोदी का समय है। कठिन समय। अव्यवस्थित, अनुशासनहीन, निजी स्वार्थों में घिरी फौज के सहारे राहुल मोदी के एकछत्र नेतृत्व से नहीं लड़ सकते।

सख्ती करना होगी। सख्त दिखना होगा। अंग्रेजी का मुहावरा है हेड्स विल रोल! सिर लुढ़कते हुए दिखना चाहिए। मतलब शाब्दिक नहीं। मतलब यह है कि गुनाहगार सज़ा पाते हुए दिखना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# इंडिया ब्लॉक में अभी भी है भाजपा से मुकाबले की क्षमता

■ **नित्य चक्रवर्ती**

राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि कांग्रेस ने तीन हिंदी भाषी राज्यों – मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इतना बुरा प्रदर्शन नहीं किया है, जैसा कि राष्ट्रीय मीडिया में प्रस्तुत किया जा रहा है। दरअसल 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन तीन राज्यों की कुल 65 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपनी स्थिति में काफी सुधार किया है, हालांकि उम्मीदों से वह अभी भी काफी कम है।

इसका मतलब यह है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और उसके सहयोगियों का काम कठिन हो गया है, लेकिन फिर भी यह एक मुकाबले की दौड़ बनी रहेगी, बशर्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन में सहयोगी राजनीतिक पार्टियां राज्य चुनाव परिणामों से सही सबक ले, सुधारात्मक उपाय करे, और व्यापक चुनावी दंगल में कूद पड़े। साथ ही लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम के साथ आधारित जन अभियान चलाये।

विपक्षी दलों के लिए अभी समय महत्वपूर्ण है। जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, लोकसभा चुनाव इस साल मार्च और अप्रैल में होने की संभावना है। पूरी संभावना है कि घोषणा फरवरी के दूसरे सप्ताह में की जायेगी और मतदान मार्च 2024 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगा। 2019 में, चुनाव की घोषणा 10 मार्च को की गई थी, मतदान 11 अप्रैल को शुरू हुआ और 19 मई को सात चरणों में समाप्त हुआ। परिणाम 23 मई को घोषित किये गये।

> भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के लिए, 2019 के कार्यक्रम की तुलना में लोकसभा चुनावों को एक महीने पहले करना दो कारकों पर आधारित है। सबसे पहले अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्‌घाटन किया जायेगा। उद्‌घाटन का संदेश पूरे देश में पहुंचाने के लिए भाजपा और संघ परिवार ने पहले ही बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की घोषणा कर दी है। आरएसएस द्वारा निर्देशित यह अभियान 2024 के लोकसभा चुनावों के अभियान के साथ-साथ देश के दूरदराज के हिस्सों तक अपनी पहुंच बनायेगा।

दूसरा, नरेंद्र मोदी सरकार 2024-25 के लिए अंतरिम बजट फरवरी के पहले सप्ताह में पेश करने वाली है, संभवत: 1 फरवरी को। प्रधानमंत्री महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के सलाहकार प्रस्तावित योजनाओं की संरचना पर काम कर रहे हैं जिनमें लक्षित आबादी के बीच तुरंत प्रभाव डालने की क्षमता हो सकती है। इसलिए हिंदुत्व और कल्याणवाद का यह संयोजन जिसने प्रधानमंत्री और भाजपा को नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों में अच्छा लाभांश दिया है, 2024 के चुनावों में मतदाताओं से अधिकतम समर्थन प्राप्त करने के लिए इसे और अधिक तेज और केंद्रित किया जायेगा।

भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है। इस बैठक में चुनावी रणनीति की प्रक्रिया शुरू होनी है ताकि 2024 के चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए सहयोगियों के बीच अधिकतम एकता हासिल की जा सके।

एक बात का ध्यान रखना होगा। वन ऑन वन फॉर्मूला राष्ट्रीय स्तर पर लागू नहीं होता। यह राज्य विशिष्ट होना चाहिए। वहां पहले से ही एक निर्धारित पैटर्न मौजूद है। नवीनतम घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए इसे परिष्कृत किया जाना चाहिए। सीट बंटवारे की बातचीत पहले राज्य स्तर पर शुरू की जानी है लेकिन इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ केंद्रीय कोर टीम की आवश्यकता है क्योंकि राज्य स्तर पर प्रत्येक राजनीतिक दल के नेता को अपनी पार्टी के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखना होगा, इसलिए मतभेद स्वाभाविक होंगे। राज्य इकाइयों को केंद्रीय निर्देश से ही इससे बचा जा सकता है।

सीट बंटवारे के फॉर्मूले की बारीकियों की बात करें तो राज्यों को तीन व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- पहला, वे राज्य जहां कांग्रेस भाजपा से लड़ने वाली मुख्य राजनीतिक पार्टी है, दूसरे, वे राज्य जहां क्षेत्रीय दल मुख्य चुनौती दे सकते हैं, और तीसरा जहां पहले से ही इंडिया गठबंधन की पार्टियों का गठबंधन काम कर रहा है। इसके अलावा, उत्तरपूर्व के राज्यों और जम्मू और कश्मीर भी हैं जो एक अलग श्रेणी के हैं।

जहां तक पहली श्रेणी का संबंध है, कांग्रेस इंडिया गुट में प्रभुत्व वाली पार्टी है। इसलिए, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल, हरियाणा, कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा में हालिया विधानसभा चुनावों से सबक लेते हुए कांग्रेस मध्य प्रदेश में सपा और राजस्थान में सीपीआई (एम) के साथ कुछ समायोजन के बारे में सोच सकती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में कांग्रेस सीपीआई के साथ कुछ समायोजन कर सकती है। लेकिन यह ध्यान में रखना होगा कि इंडिया गठबंधन की अन्य पार्टियाँ अपने-अपने समर्थन आधार के मामले में इन राज्यों में बहुत छोटी हैं। गैर-कांग्रेसी दलों को अपनी मांगों के मामले में व्यावहारिक होना चाहिए।

ओडिशा में कांग्रेस सीपीआई और सीपीआई (एम) के साथ तालमेल बिठा सकती है। दोनों वाम दलों के साथ यह गठबंधन राज्य में बीजद और भाजपा दोनों से लड़ने में भारतीय गुट के लिए मददगार होगा। ओडिशा में भाजपा फिर से उभरने की संभावना रखती है। यदि संभव हो तो कुछ सीमांत सीटों पर भाजपा को हराने के लिए बीजद के साथ भी समझौता किया जा सकता है।

दूसरी श्रेणी के राज्यों में, बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस भाजपा के लिए निर्विवाद रूप से मुख्य चुनौती है। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा राज्य में भाजपा और टीएमसी दोनों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस टीएमसी के साथ गठबंधन करेगी या सीपीआई (एम) नेतृत्व वाले फ्रंट के साथ रहेगी। कांग्रेस को इस पर जल्द फैसला करना चाहिए। किसी भी स्थिति में, बंगाल में ममता बनर्जी 2024 के चुनावों में भाजपा की लोकसभा सीटों को 2019 के 18 के आंकड़े से काफी कम करने की स्थिति में हैं।

दिल्ली और पंजाब आम आदमी पार्टी द्वारा शासित दो राज्य हैं जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। पंजाब में भाजपा की हालत खराब है लेकिन दिल्ली में वह फिर से उभर रही है। दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए आप और कांग्रेस का गठबंधन बेहद जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सात सीटें मिली थीं।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश में, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव राज्य में भाजपा विरोधी लड़ाई में प्रमुख व्यक्ति हैं, जो लोकसभा में 80 सांसद भेजता है। इस बार उत्तर प्रदेश से इंडिया गठबंधन को अपने सांसदों की संख्या बढ़ना जरूरी है। सपा को अपना एक मोर्चा मिल गया है और वह कांग्रेस द्वारा सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू होने का इंतजार कर रही है। कांग्रेस को जमीन पर अपनी वास्तविक ताकत के आधार पर बातचीत करनी होगी। पार्टी को यह समझाना होगा कि उसे जीत के लिए सपा पर निर्भर रहना होगा। इंडिया ब्लॉक को उत्तर प्रदेश में सफल सीट बंटवारे की व्यवस्था के लिए शरद पवार या नीतीश कुमार जैसे किसी अनुभवी को नियुक्त करना चाहिए। भाजपा ने 2024 चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से 75 सीटों का लक्ष्य रखा है। इंडिया ब्लॉक को इस आंकड़े को काफी हद तक कम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि अधिकतम भाजपा विरोधी वोट इंडिया पार्टियों को जायें।

केरल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे। वहां भाजपा कमजोर है। केरल से लोकसभा में उसकी एक भी सीट नहीं है। सभी 20 सीटें इंडिया ब्लॉक को मिलेंगी, भले ही किसी भी मोर्चे को मिलें।

तीसरी श्रेणी के लिए, भारत के नेतृत्व वाली पार्टियों के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारें तमिलनाडु, बिहार और झारखंड में काम कर रही हैं। गठबंधन का पैटर्न तय है, केवल मामूली समायोजन किया जा सकता है। बिहार में महागठबंधन को सीपीआई (एमएल) लिबरेशन को कम से कम दो सीटें और सीपीआई को एक सीट देने पर विचार करना होगा। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दोनों लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक को ज्यादा से ज्यादा सीटें दिलाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन पर भरोसा किया जा सकता है। तमिलनाडु और झारखंड दोनों ही राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर कोई दिक्कत आने की उम्मीद नहीं है।

चूंकि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार का समय कम है, इसलिए इंडिया ब्लॉक को जल्द से जल्द अपने सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर एक संयुक्त अभियान की संभावना तलाशनी चाहिए। वास्तव में, कांग्रेस को दूसरी भारत जोड़ो यात्रा को इंडिया ब्लॉक की ओर से लोकसभा मतदाताओं के लिए जरूरी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने वाली यात्रा में बदलने के बारे में सोचना चाहिए। जनता में यह धारणा होनी चाहिए कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां एक साथ हैं और एक साथ रहेंगी। एकजुट होकर हम उठते हैं, विभाजित होकर हम गिरते हैं। इसे लोकसभा चुनाव से पहले शेष महीनों के दौरान इंडिया गठबंधन की पार्टियों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

## गुरवाणी विचार

### तुम करो दया मेरे साईं

काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा-इन ते आप छड़ावहो।  
इह भीतर ते इनको डारहो, आपन निकटि बुलावहो।  
अपनी विधि आप जनावहो, हरि जन मंगल गावहो।  
बिसर नाही कबहुं हीये ते इह विधि मन माहि पावहो।  
गुरु पूरा भेटिओ वडभागी जन नानक कतहि धाहो।

गुरवाणी की यह पंक्तियां सोरठ राग से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक अर्जुन देवजी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा इत्यादि जो बेकार हैं। इन सब से मुझे छुड़ा कर अपने चरणों में ले लेवें। ये पांच विकार हमें अपने वश में करना चाहते हैं और हर वक्त हम पर हावी होते रहते हैं। इनसे पूर्णरूप से तो छुटकारा नहीं पाया जा सकता पर प्रभु कृपा हो जाने पर इन पर काबू पाया जा सकता है और यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा हो जाए। थोड़े-थोड़े रूप में हमें इन विकारों की भी जरूरत रहती है। अपने और अपने परिवार का उदर-पोषण करने हेतु धन की आवश्यकता होती है इसलिए लोभ और मोह थोड़ी मात्रा में जरूरी है अगर हम बिलकुल शांति से रहना चाहेंगे तो दुनिया हमें जीने नहीं देगी सांप अगर शांत रहे तो लोग पत्थर मार-मार कर अधमरा कर देंगे। इसलिए उसको भी फुंफकारना पड़ता है। अपनी रक्षा करने हेतु इसलिए हमें भी थोड़ी मात्रा में क्रोध की आवश्यकता होती है पर अधिक क्रोध अच्छा नहीं होता। इसलिए प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए इन पांचों बटमारों को हम तभी वश में कर पाएंगे जब हम पर प्रभु परमात्मा की कृपा हो जाएगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा अपना वरदहस्त रख देवें ताकि हम इनसे निजात पा लेवें।

तुम करो दया मेरे साईं,  
ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर  
सदा सदा तुझ घिआई।

प्रभु परमात्मा अपने भक्तों की स्वयं देखरेख करते रहते हैं और उन्हें प्रेरणा देते रहते हैं कि वे इस तरह साध संगत में जाकर प्रभु सिमरन में मन रमाएं।

अपने सेवक की आपे राखे आपे नाम जपावें।  
जै जै कार किरत सेवक की ताहि ताहि उठ धावैं।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु परमात्मा ने की है और रचना करने के बाद हर एक में विराजमान रहकर अपनी-अपनी गतिविधि का निरीक्षण करता रहता है। सुनार सोने के गहने बनाने तक या उसके बिकने तक ही उसमें मोह रखता है पर पभु अपनी रचना के अंदर हर वक्त बिराजमान रहता है।

घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार।

इसलिए हमें चाहिए कि हम हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की सिफत सलाह के गीत गाते रहें अर्थात उसकी सिमरन बंदगी में जुड़े रहें पर हमारे बहुत ही अच्छे भाग्य हों तभी हमारे मन की ऐसी स्थिति बन पाएगी। जब हमारे मन से मैं मैं की भावना खत्म हो जाएगी और जो किछ किया सो तूं किया ऐसी स्थिति बन जाएगी तभी हमारा कल्याण हो पाएगा। इसी बात को भक्त कबीर दास जी इस तरह समझा रहे हैं-

कबीर मैं मैं करता तूं हुआ।  
मुझमें रहा न मुआ।।  
जब आपा परका मिट गया जहां देखां तां तूं।।

इसलिए हमें मानव जीवन पाने का पूर्णरूप से लाभ उठाते हुए सब तरफ से ध्यान हटाकर प्रभु सिमरन में मन लगाए रखना चाहिए। अपना और अपने परिवार का उदर पोषण हेतु कार-विहार भी करना है। पर मन हर वक्त प्रभु परमात्मा से जोड़े रखना है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### शराब कारोबारी और राज्यसभा सांसद से अकूत संपति मिलना आश्चर्यजनक

भ्रष्टाचार में डूबे और अकूत संपति के मालिक की करतूत देश ने अपनी आंखों से देखी है। तीन सौ करोड़ से ज्यादा के कैश गिन चुके आयकर अधिकारियों को और नकद मिले हैं जिसकी गिनती और आगे चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाना चाहते हैं। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर तिजोरियां भरने वाले की देश में कमी नहीं है। सरकारी फरमान आते ही टैक्स चोरी की रकम सरकार को लौटानी ही पड़ती है। धीरज साहू ने हलफनामे में अपनी संपति का हवाला देते हुए 34.83 करोड़ रुपए बताया था। जांच एजेंसियों ने इस पर संज्ञान लेकर कई सबूतों के बाद उनके हर जगह रेड कर अकूत संपति पकड़ी है। जिस पार्टी के साथ तालुक है उसने सफाई में एक शब्द नहीं बोला है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद की मोटी रकम पकड़ी गई है उसके बाद कांग्रेस ने धीरज साहू के बारे में एक शब्द तक नहीं बोला है। धीरज साहू कांग्रेस की छत्रछाया में राज्यसभा पहुंच गए। दो नम्बर की अकूत संपति एकत्रित कर टैक्सचोरी करने वाले धीरज साहू को पुलिस संरक्षण की आवश्यकता होने के कारण राज्यसभा सदस्य बने हैं। क्योंकि ऐसे नेता बनकर सरकार से सुरक्षा प्रदान कर लेते हैं। झारखंड में पूजा के यहां से 17 करोड़ की नकदी मिली थी। पार्थ चटर्जी की महिला मित्र के यहां से 50 करोड़ की रकम मिली थी। ये तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी की पार्टी से जुड़े हुए थे। उनके पास महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जांच एजेंसियों ने बरामद किए थे। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ है। ये सफाई देकर अपने आप को ईमानदार बताते हैं लेकिन इन लोगों से बेईमान कोई है जो देश में भ्रष्टाचार की वैतरणी पार करने में आगे रहते हैं। कारोबार करने से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन आयकर नहीं चुकाने वाले को क्या नाम दिया जाए?

### ज्वालामुखी से सूर्य के तापमान को कम करने का उपाय मिला

धरती के तापमान को कम कर जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए हमारे वैज्ञानिक एड़ी चोटी का जोर लगाकर प्रयास में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। सूर्य की गर्मी से धरती को बचाने की पहल करके वैज्ञानिक सिद्धि प्राप्त करने में सफ़ल होते जा रहे है। 2022 से धरती पर 1.26डिग्री तापमान बढ़ने से जीवन दूभर होता जा रहा है। यहां तक पशु-पक्षियों की हालत खराब हो गई थी। गर्मी के कारण पशुजगत की भी हालत बहुत खराब हुई, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वैज्ञानिकों की यह बड़ी सिद्धि की और बढ़ते कदम है। यह सिद्धि दुनिया के ललाट पर लिखने जा रहे हैं। धरती के तापमान को घटाने की खबर पढ़ने-सुनने से तर्कवादी सड़क पर आ जाते हैं लेकिन यह सत्य और मानने योग्य इसलिए है कि यह दुनिया के महान वैज्ञानिकों की सिद्धि है। कदम-कदम पर शोधकर्ताओं द्वारा उपलब्धि हासिल कर सफलता हासिल की है। इस पर वैज्ञानिक स्तर पर बहुत विचार विमर्श हो रहा है। इस पर शोध कार्य चल रहा है। ज्वालामुखी फटने से इसका आइडिया आया था जिससे वैज्ञानिकों ने शोध शुरू कर दी है। इसमें सफलता के करीब हैं। बढ़ते तापमान पर शोधकर्ताओं का विचार है कि 2030 तक धरती का तापमान 2.5 डिग्री तक बढ़ सकता है। इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने की घटना सामने आई थी। 1815 में घटना घटित हुई थी और दूसरी घटना 1991 की साल में फिलीपाइन्स में बनी थी। ज्वालामुखी फटने के बाद थोड़े समय मे ग्लोबल टेम्परेचर घटा था। ज्वालामुखी विस्फोट होता है तो वायुमंडल में जम जाता है। ज्वालामुखी विस्फोट करके आर्टिफिशियल घुमस पैदा करने में वैज्ञानिक सफल होते दिखाई दे रहे हैं जिससे धरती की गर्मी को कम किया जा सकता है। बढ़ते तापमान से धरती पर जनजीवन पर सीधा असर पड़ता है। दूसरी तरफ अनहोनी की संभावना है। दुनियाभर की प्रजाति अपने-अपने स्तर बदलाव की तरफ बढ़ रही है। विश्व के वैज्ञानिक इस उपलब्धि की तरफ कदम बढ़ा चुके हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

मुख्यमंत्री उत्तर विधानसभा क्षेत्र में आभार कार्यक्रम में हुए शामिल, बोले-

# आपका प्यार अद्भुत है, इतने वोट कभी मप्र में नहीं मिले





- जब तक सांस चलेगी, आपकी सेवा करूंगा
- लाड़ली बहनों फिर 10 तारीख आ गई है
- लोकसभा में जिताकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल की उत्तर विधानसभा सीट पर आभार कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान सीएम शिवराज ने कहा कि, मध्यप्रदेश की जनता ने, भाइयों-बहनों और भांजे-भांजियों ने जो लाड प्यार और आशीर्वाद दिया है वह अद्भुत और अभूतपूर्व है, इतने वोट कभी मध्यप्रदेश में नहीं मिले आपने भारतीय जनता पार्टी की झोली भर दी है। लोग हैरत में थे कि, इतने वोट निकल कहां से रहे हैं। चुनाव से पहले कहते थे बहुत कठिन है टफ है, कांटे का मुकाबला है लेकिन मैंने कहा पूरे कांटे लाडली बहनों ने निकाल दिए। ये मुकाबला कांटे का नहीं बल्कि एक तरफा मुकाबला हो गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, कांग्रेस ने चुनाव में कई तरह के दाव पेंच खेले हैं। इसके बावजूद कांग्रेसी रो रहे हैं कि मशीन गड़बड़ थी इसलिए हम हार गए। कांग्रेस अगर हारी तो अपने झूठ, बेईमानी और अहंकार के कारण हारी है। उन्होंने कहा कि, जो कमिशन के आरोप लगाते थे वो स्वयं भ्रष्ट हैं, कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय है। 15 महीने के लिए आए थे, झूठे वादे कर गए और एक भी वादा पूरा नहीं किया। कहा था बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन धेला नही दिया। समूह का कर्ज माफ करेंगे, एक पैसा नहीं दिया। कोई राहत और सुविधा नहीं दी तो जनता ने कहा कि, अब हम कांग्रेस पर भरोसा नहीं करेंगे। मध्यप्रदेश में भरोसा मोदी और मामा पर करेंगे और अपने भैया पर करेंगे।

**29 कमल के फूलों की माला से अभिनंदन**-उत्तर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित आभार कार्यक्रम में कमल के फूल की प्रिंट वाली साड़ियां पहनकर बहनों ने 29 कमल के फूलों की मालाओं पर समस्त लोकसभा क्षेत्रों का नाम लिखा हुआ था। इन कमल की मालाओं से लाड़ली बहनों ने भैया शिवराज का भव्य अभिनंदन किया और 29 लोकसभाओं में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजयी दिलाकर नरेन्द्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मतदान के दिन सुबह हुई नहीं कि, सबसे पहले लाड़ली बहनाओं की लंबी-लंबी लाईनें लग गई। उन्होंने कहा कि, अभी मेरे पास एक बहन आई थी सबीना, सबीना ने बीजेपी को वोट दिया और बाद में उसके साथ देवर ने मारपीट की, तो मैंने कहा बहन आ जाओ सीएम हाउस, तेरा भाई अभी जिंदा है, चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है मैं तेरी देखरेख करूंगा। मैं सिर्फ कहने के लिए भाई नहीं हूं सगा भाई हूं एक अलग और पवित्र रिश्ता है भाई-बहन का। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि, जब तक मेरी सांस चलेगी आपकी सेवा करूंगा। मेरे लिए सबसे बड़ा पद है भाई और मामा का पद है, इससे बड़ा दुनिया में कोई पद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि, मैं पहले उन क्षेत्रों में जा रहा हूं जहां भाजपा चुनाव नहीं जीती है। आपकी सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा% के अंतर्गत गाड़ियां हर वार्ड में जाएंगी और छूटे हुए हितग्राहियों के नाम जोड़े जाएंगे। विकास भी करेंगे और जनता की सेवा के अभियान भी चलेंगे। सीएम शिवराज ने कहा कि, हर एक वचन भारतीय जनता पार्टी पूरा करेगी, लाड़ली बहनों की खुशियों की 10 तारीख फिर आ गई है। अभी 1250 रूपए बहनों के खाते में आ रहें हैं लेकिन धीरे-धीरे इस राशि को 3000 रूपए तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना के बाद अब %लखपति बहना% अभियान चलेगा। मेरी बहनों की आमदनी हर महीने कम से कम 10 हजार रूपए से ज्यादा हो और साल की एक लाख रुपये से ज्यादा आमदनी हो, यह मेरा संकल्प है। बहनों को स्व-सहायता समूह के माध्यम से अलग-अलग काम देकर लखपति बनाया जाएगा।

**लोकसभा में जिताकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं:** सीएम शिवराज ने कहा कि, नरेंद्र मोदी जी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। वो भारत को भगवान का वरदान हैं, उनके नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। मोदी जी ने आपकी जिंदगी बदलने की गारंटी ली है आप मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की गारंटी लें। उन्होंने कहा कि, उत्तर भोपाल में, मैं आपसे निवेदन करने आया हूं कि, फिर लोकसभा के चुनाव में कमल के फूल का बटन दबाएं, भारतीय जनता पार्टी को जिताएं और मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें।

कांग्रेस सांसद से 2 सौ करोड़ से अधिक की नगदी मिलने पर हमलावर हुई भाजपा, शर्मा बोले-

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी, मोदी भ्रष्टाचारियों को खत्म करने की गारंटी



भ्रष्ट नेताओं को बताया गांधी परिवार का एटीएम

**भोपाल, देशबन्धु।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों रुपये की नकदी बरामद होने पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारियों को खत्म करने की गारंटी हैं।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर पड़े आयकर विभाग के छापों में 200 करोड़ रुपये से अधिक की नगद राशि बरामद हुई है, कार्रवाई जारी है और यह राशि और भी बढ़ सकती है। लेकिन इतने बड़े पैमाने पर नगदी बरामद होना इस बात का सुबूत है कि कांग्रेस यदि किसी बात की गारंटी है तो वो केवल भ्रष्टाचार की गारंटी है। कांग्रेस का हाथ भ्रष्टाचारियों के साथ है। उन्होंने कटाक्ष किया कि वोटों की गिनती समाप्त हो गई है, लेकिन नोटों की गिनती जारी है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जनता को जवाब दें कि उनके पास ऐसे और कितने सांसद हैं जो जनता का पैसा अपने पास जमाखोरी कर बैठे हैं? श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के भ्रष्टाचार पर गांधी परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष की चुप्पी यह बताती है कि कांग्रेसी गांधी परिवार की शह पर भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि जनता यह अच्छे से जानती है कि कांग्रेस, करप्शन और कैश एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। मध्य प्रदेश में भी मिस्टर बंटाढार और करप्शन नाथ ने प्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाया था, इसीलिए कांग्रेस की सरकारें और उनके भ्रष्ट नेता गांधी परिवार के एटीएम कहे जाते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचारियों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस नेता ये अच्छी तरह से समझ लें कि वो यदि भ्रष्टाचार की गारंटी हैं, तो मोदी सरकार ऐसे भ्रष्टाचारियों को खत्म करने की गारंटी है।

## मोहब्बत की दुकान या नोटों का पहाड़

श्री शर्मा ने कहा कि जब कांग्रेस के एक सांसद के पास इतनी नकदी हो सकती है, तो कांग्रेस के पास तो ऐसे बहुत से सांसद हैं, उन सभी के पास कितना पैसा होगा? उन्होंने कहा कि इस हिसाब से गांधी परिवार देश का सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी परिवार साबित हो जाता है। श्री शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान नोटों का पहाड़ बन गई है। जिसकी फ्रेंचाइजी धीरज साहू के पास थी, वहां से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। इससे लगता है कि इस फ्रेंचाइजी से सारी मोहब्बत बिक चुकी है और कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में अब सिर्फ हिंदुओं और सनातन के प्रति नफरत ही बाकी है।

शिवराज की पोस्ट पर बोले-

## पूरा देश राम-राम कर रहा है

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर एक पोस्ट किया, जिसमें लिखा, सभी को राम-राम। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह तो हमारी संस्कृति है। सुबह हम सबसे पहले शुरूआत ही इसी से करते हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि पूरा देश ही राम-राम कर रहा है।

### मुख्यमंत्री चयन को लेकर दिया यह जवाब

मुख्यमंत्री के चयन को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। मुख्यमंत्री कौन होगा, उपमुख्यमंत्री कौन होंगे या नहीं इसका निर्णय पार्टी नेतृत्व करेगा। 11 दिसम्बर को शाम 4 बजे होने वाली विधायक दल की बैठक के बाद निर्णय सामने होगा, जो हर कार्यकर्ता को शिरोधार्य होगा।

# बसपा ने सांसद दानिश अली को पार्टी से निकाला

**लखनऊ, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अमरोहा से सांसद दानिश अली को पार्टी से निकाल दिया है। उन्हें निलंबित करने के पीछे पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होना बताया जाता है।

बसपा के महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने पत्र जारी करके कहा कि 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के कहने पर दानिश को टिकट दिया गया था। टिकट देने के साथ ही उन्हें पार्टी की रीति-नीति के बारे में अच्छी तरह से बता दिया गया था। लेकिन, वह लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। इसी कारण उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया। अमरोहा से सांसद दानिश अली हाल ही में काफी सुर्खियों में रहे थे। दिल्ली से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उन पर संसद के अंदर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। दूसरी ओर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए बिधूड़ी से पूछा था कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। गौरतलब है कि 2019 में लोकसभा चुनाव में बसपा ने दानिश अली को अमरोहा सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। दानिश अली ने भी मायावती की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विजय प्राप्त की थी। बहुजन समाज पार्टी से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। दानिश अली को यह कहते हुए बीएसपी से निकाला गया है कि उन्होंने पार्टी की विचारधारा, नीतियों और अनुशासन का पालन नहीं किया। दानिश अली ने कहा, मैं इतना ही कहूंगा कि बहन कुमारी मायावती जी का हमेशा मैं शुक्रगुजार रहूंगा कि उन्होंने मुझे बहुजन समाज पार्टी का टिकट देकर लोकसभा का सदस्य बनने में मेरी मदद की।

*कश्मीर में एक बार फिर मानक संचालन प्रक्रिया चर्चा में*

# सुरक्षाबलों को ही भुगतना पड़ा है लापरवाही का खामियाजा

• सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** करीब 39 दिनों के उपरांत जिस पुलिस अधिकारी को डाक्टरों ने सिर में गोली लगने के कारण मृत घोषित कर दिया उसकी मृत्यु के उपरांत कश्मीर में एक बार फिर एसओपी अर्थात मानक संचालन प्रक्रिया चर्चा में है। यह चर्चा में इसलिए है क्योंकि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने फिर दोहराया है।

कि पुलिस को एसओपी का सख्ती से पालन करना होगा। पर यह एक कड़वी सच्चाई है कि कश्मीर में पुलिस पर हुए प्रत्येक आतंकी हमले के उपरांत ऐसे दिशा निर्देशों को हमेशा ही नजरअंदाज किया जाता रहा है। ज्यादा पुरानी बात न करें तो भी 13 दिसम्बर 2021 को आतंकियों ने श्रीनगर के जेवान चौक में एक उस पुलिस बस पर हमला बोल कर तीन पुलिसवालों को मार डाला था जो बिना किसी सुरक्षा कवच के अपनी ड्यूटी निभा कर वापस आ रही थी। इस हमले के उपरांत जब बहुत हो हल्ला मचा तो यह फैसला लिया गया था कि भविष्य में पुलिसकर्मियों को बुलेट प्रूफ वाहन मुहैया करवाने के अतिरिक्त उन्हें एस्कार्ट भी दिए जाएंगें। और इस साल 31 अक्टूबर को आतंकियों ने एक पुलिसकर्मी गुलाम मुहम्मद डार को पटन में उस समय गोली मार कर मार डाला जब वह अपने घर आया हुआ था। ऐसे कई मामले हैं जिसमें छुट्टी पर घर आए पुलिसकर्मियों पर आतंकियों ने हमले कर मार डाला था। और प्रत्येक ऐसी घटना के लिए एसओपी का पालन न करने की बात कही गई और फिर से दोहराया गया कि सभी को एसओपी का सख्ती से पालन करना होगा। जिस पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर वानी को श्रीनगर के खेल मैदान में गोली मार दी गई थी उसके प्रति अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दावा करते थे कि उन पर हमला किए जाने के इनपुट थे लेकिन मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था जो एक भारी भूल थी। ऐसे ही एसओपी की अनदेखी 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले के दौरान भी सामने आई थी जब केरिपुब के 47 से अधिक जवान कश्मीर में आज तक के हुए सबसे भयानक विस्फोट में मारे गए थे। यह एक कड़वी सच्चाई है कि कश्मीर में 36 सालों से फैले हुए पाक समर्थित आतंकवाद के दौर में न जाने कितनी बार मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश निकाले गए होंगें और कितनी बार उनकी अनदेखी की गई होगी, इसका कोई रिकार्ड ही नहीं है। लेकिन इतना जरूर था कि हर बार ऐसी कथित लापरवाही का खिमयाजा सुरक्षाबलों को ही भुगतना पड़ा है। देश के सम्मान, एकता और अखंडता और ऐसी अन्य चीजों की रक्षा करने वाले सैनिकों को सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम और वास्तविक सैन्य कब्जे के पूरे तंत्र के बारे में शहर के सवालों का जवाब देने के बजाय गोली मारकर हत्या करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। कश्मीर घाटी में भारतीय सैनिकों को देता है।

# मंदिर की दान पेटी और सूने मकान के ताले तोड़े

**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर इलाके में स्थित कृष्णा बिहार कॉलोनी में चोरों ने 2 दिन तक रेकी की, और मंदिर की दान पेटी से नकदी ले भागे। वहीं, एक सूने मकान का ताला भी तोड़ा गया। जहां से कुछ सामान साफ कर दिया। इस बीच, रहवासियों ने सीसीटीवी कैमरे देखे तो चड्डी - बनियान पहने बदमाश कॉलोनी में घूमते नजर आए। जिसकी कॉलोनी वासियों ने अयोध्या नगर थाने में शिकायत की है। हालांकि, शनिवार शाम तक मामले में कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

कृष्णा बिहार कॉलोनी के निवासी मोर सिंह राजपूत ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में बतौर लेखापाल की नौकरी करते है। चोरों ने बुधवार और गुरुवार रात लगातार 2 दिनों तक हमारी कॉलोनी में दस्तक दी है। सीसीटीवी कैमरों में देखा तो सभी बदमाश चड्डी-बनियान पहने नजर आए। उनकी कमर पर हथियार बंधा था। पहले उन्होंने मेरे मकान में ताक-झांक की। फिर पड़ोसी प्रमोद और नरेंद्र राजपूत के घर की। बाद में चोरों ने कॉलोनी के एक मकान का ताला तोड़ दिया। यहां से कुछ सामान ले गए। लेकिन, मकान खाली होने की वजह से उनके हाथ कुछ खास नहीं लगा है। बाद में पता चला कि कॉलोनी के मंदिर की दान पेटी का ताला टूटा मिला है। वे दान पेटी की नकदी लेकर फरार हो गए। बदमाश कॉलोनी के अलग-अलग सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं।

## रहवासी बोले- पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी में लगातार चोरों की दस्तक के बाद थाना अयोध्या नगर में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे। लेकिन पुलिस ने कहा कि कुछ खास तो चोरी हुआ नहीं है। ऐसे में रिपोर्ट क्या लिखाओगे? उन्होंने कॉलोनी वासियों से आवेदन लिया और कार्रवाई का आश्वासन देकर रवाना कर दिया।

## जांच की जा रही है: थाना प्रभारी

वहीं अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरों में कुछ युवको को मकानों में तांक-झांक करते देखा गया है। कॉलोनीवासियों ने शिकायत की है। शिकायती आवेदन लेकर मामले की जांच की जा रही है।


**आम सूचना**

फर्म मेसर्स गार्गी ग्रुप, 5 सिविल लाईन, तहसील व जिला सागर (म.प्र.) 470002 जो कि कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी में रजिस्ट्रेशन क्रमांक 06/09/01/00155/13 वर्ष 2012-13 फर्म में रजिस्टर्ड है तथा दिनांक 11.02.2013 को फर्म की रजिस्ट्री की अभिस्वीकृति की गई है, जिसमें निम्नलिखित पार्टनर है:

(1) सुहागरानी यादव पति स्व.श्री दीनदयाल यादव, (2) मुकेश यादव पिता स्व. श्री दीनदयाल यादव, (3) दिनेश यादव पिता स्व. श्री दीनदयाल यादव, (4) रानेश पिता सुरेश कुमार ओमरे, (5) राघवेन्द्र पिता राजेन्द्र सिंह चौहान, (6) श्यामजी सैनी पिता पी.डी.सैनी, (7) भूपेन्द्र पुत्र रघुवीर सिंह राजपूत, (8) शैलेन्द्र पुत्र नरेन्द्र कुमार पाठक, (9) सुरेंद्र पुत्र इंद्र सिंह राजपूत।

उपरोक्त इस पंजीयन फर्म के पूनर्गठन की आवश्यकता पड़ने पर इस फर्म की रचना में परिवर्तन कर पूनः पूनर्गठित करने की प्रक्रियात्मक कार्यवाही चल रही है, इस पूनर्गठन के अंतर्गत उपरोक्त नौ (9) भागीदारों में से

**निम्न सात (7) भागीदार दिनांक 27/11/2023 से रिटायर एवं अलग हो रहे है:**

(1) सुहागरानी यादव पति स्व. दीनदयाल यादव, (4) रानेश पिता सुरेश कुमार ओमरे, (5) राघवेन्द्र पिता राजेन्द्र सिंह चौहान, (6) श्यामजी पिता पी.डी. सैनी, (7) भूपेन्द्र पिता रघुवीर सिंह राजपूत, (8) शैलेन्द्र पिता नरेन्द्र कुमार पाठक, (9) सुरेन्द्र पिता इन्द्र सिंह राजपूत, उपरोक्त सातों भागीदार स्वेच्छा तथा सर्वसम्मति से फर्म से रिटायर एवं अलग हो रहे हैं।

तथा भागीदारी फर्म में पूर्व ही की तरह **यह दो (2) भागीदार यथावत् बने एवं जारी रहेंगे।**

(2) मुकेश यादव पिता स्व.दीनदयाल यादव व
(3) दिनेश यादव पिता स्व. दीनदयाल यादव

फर्म में पूर्व की तरह यथावत् पार्टनर बने एवं जारी रहेंगे।

उपरोक्त परिवर्तनों को सामान्य जन के संज्ञान में लाने के लिए यह संशोधित विवरण जारी किया जा रहा है। किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था या उपरोक्त फर्म के भागीदार को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। सार्वजनिक सूचना के लिए सभी को सूचित किया जाता है।

**मेसर्स गार्गी ग्रुप**
**मुकेश यादव**
**भागीदार**
**05, सिविल लाइन, सागर (म.प्र.)**

**दिनांक**
**10/12/2023**


## देश में ब्लॉक हुई तकरीबन 37 हजार वेबसाइट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बीते पांच साल में देश विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बडे पैमाने पर कार्रवाई की और तकरीबन 37 हजार बेवसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्टानिक्स एवं आईटी मंत्रालय के राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दी। राज्यसभा में सीपीआई सांसद जॉन ब्रिटास के एक सवाल के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि जनवरी 2018 से अक्टूबर 2023 के बीच मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 ए के तहत 36,838 वेबसाइटों को प्रतिबंधित किया। उन्होंने इसका ब्योरा देते हुए बताया कि सर्वाधिक वेबसाइटों के यूआरएल ब्लॉक करने में एक्स पहले स्थान पर रहा।

## 2022 में सिर्फ 3 फीसदी मामलों में सजा मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में दो लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे। एक शोधपत्र जस्टिस अवेट्स 'ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' के अनुसार अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में औसतन नौ साल का समय लगेगा। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। वर्ष 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। यह शोध-पत्र इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) ने जारी किया है। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक- स्पेशल अदालतों के गठन किया था। हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि जारी की जाती है। फास्ट ट्रैक - स्पेशल अदालतों जैसी विशेष अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था।


**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक / 9572 /री. जि. दण्डा / 2023 — सागर दिनांक 07.12.2023

**इश्तहार**

इस इश्तहार के माध्यम से सर्व संबंधित / हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक जिला सागर ने अवगत कराया कि थाना प्रभारी छानबीला जिला सागर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार दिनांक 07.10.2023 को थाना छानबीला पुलिस को निवार घाटी के पास गौवंश से भरे ट्रक पलट जाने की प्राप्त सूचना सत्यापन पर घटनास्थल पर पलटे हुए वाहन ट्रक क्रमांक MP 04 HE 5750 को चैक करने पर उसमें 20 नग गौवंश मृत अवस्था में 20-25 नग घायल अवस्था में ट्रक से निकालने पर जंगल तरफ भाग गये एवं 04 नग घायल गौवंश मिलने पर इलाज हेतु भेजा गया। उपरोक्त ट्रक में गौवंश ठूस-ठूस कर क्रुरतापूर्वक भरकर वध करने के उद्देश्य से ले जाना पाये जाने पर घटना में प्रयुक्त वाहन की जप्ती की कार्यवाही की जाकर अज्ञात वाहन चालक एवं उक्त ट्रक के मालिक मोहम्मद इमरान खान निवासी जहागीराबाद भोपाल के विरूद्ध अपराध क्रमांक 107/ 23 पंजीबद्ध कर जप्तशुदा वाहन ट्रक क्रमांक MP 04 HE 5750 को राजसात किये जाने हेतु म.प्र. गौ-वंश वध प्रतिषेध नियम 2012 के नियम 05 के प्रावधान्तर्गत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

पुलिस अधीक्षक जिला सागर के प्रस्ताव अनुसार इस न्यायालय द्वारा उक्त वाहन के राजसात की कार्यवाही की जा रही है इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो इस न्यायालय में दिनांक 18.12.2023 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.12. 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**कलेक्टर**
**एवं जिला दंडाधिकारी, जिला सागर**

जी-21414-23



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस कैंपस, बडौदा बैंक के सामने पन्ना (म.प्र.)**

ई-मेल-dpepiupanna@gmail.com — फोन नं. 07731-250994

एन.आई.टी. नं. 30/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/एपीडी/भवन/2023 — रीवा दिनांक 07.12.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी)(रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 10 |
| 1 | 2023_ PWPIU_ 318765_1 | शा.हाईस्कूल भवन छतैनी, ब्लाक अजयगढ़, जिला पन्ना का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | पन्ना | 118.55 | 118550/- | 12500/- | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | भूमि प्राप्त |
| 2 | 2023_ PWPIU_ 318768_1 | शा.हाईस्कूल भवन भापतपुर, कुमियान, ब्लाक अजयगढ़ जिला पन्ना का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | पन्ना | 118.55 | 118550/- | 12500/- | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | भूमि प्राप्त |
| 3 | 2023_ PWPIU_ 318769_1 | शा.हाईस्कूल भवन पगरी, ब्लॉक शाहनगर, जिला पन्ना का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित। (द्वितीय आमंत्रण) | पन्ना | 118.55 | 118550/- | 12500/- | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | भूमि प्राप्त |
| 4 | 2023_ PWPIU_ 318775_1 | शासकीय हाई स्कूल भवन हथकुरी, ब्लॉक पवई, जिला पन्ना में 03 नग प्रयोगशाला एवं 04 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित। (द्वितीय आमंत्रण) | पन्ना | 99.19 | 99190/- | 10000/- | 09 माह (वर्षाकाल सहित) | भूमि प्राप्त |
| 5 | 2023_ PWPIU_ 318779_1 | शासकीय हाई स्कूल भवन कुंवरपुर, ब्लॉक पवई, जिला पन्ना में 03 नग प्रयोगशाला एवं 04 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित। (द्वितीय आमंत्रण) | पन्ना | 99.19 | 99190/- | 10000/- | 09 माह (वर्षाकाल सहित) | भूमि प्राप्त |
| 6 | 2023_ PWPIU_ 318780_1 | शासकीय हाई स्कूल भवन लुहरगांव, ब्लॉक गुनौर जिला पन्ना में 03 नग प्रयोगशाला एवं 04 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित। (द्वितीय आमंत्रण) | पन्ना | 99.19 | 99190/- | 10000/- | 09 माह (वर्षाकाल सहित) | भूमि प्राप्त |

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://mpeproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 07.12.2023 समय 9.00 से दिनांक 26.12.2023 समय 6.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-21434/23

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग,पन्ना (म.प्र.)**

### जेल जाने से पहले 3 आरोपी पहुंचे ग्वालियर मेडीकल

# पीड़ित परिवार ने लगाया आरोप, आरोपियों को जेल जाने से डाक्टरों ने बचाया



**टीकमगढ़, देशबन्धु।।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय से सजा होने के बाद नगर के प्रतिष्ठित तीन व्यापारियों के साथ चल रहे घटनाक्रम ने नगर में कई प्रकार की अटकलों को जन्म दिया है। पीड़ित परिवार ने डाक्टरों और आरोपियों के बीच सांठगांठ के आरोप लगाते हुए न्याय को धता बताए जाने तथा मखौल उड़ाने जैसे आरोप लगाए हैं। उन्होंने जहां न्यायालय से हुए फैसले का स्वागत किया है, तो वहीं आरोपियों को जिला जेल के स्थान पर अस्पताल और उसके बाद मेडीकल भेजे जाने पर सांठगांठ और तालमेल के आरोप लगाते हुए इसे कानून का मजाक बताया। उन्होंने कहा है कि तीन आरोपियों को मनमाने तरीके से दी जा रही सुविधाओं ने देश की व्यावस्थाओं पर ही सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपचार के बहाने जेल जाने से बचते आ रहे आरोपियों को जेल भेजे जाने पर जोर दिया है। साथ ही सारे मामले की जांच कर दोषी डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि सुविधा शुल्क के प्रभाव में मुल्जिमों को जेल जाने से अब तक बचाया जा रहा है। प्रयास किए जा रहे हैं कि हाईकोर्ट से जमानत मिलने तक आरोपियों को अस्पताल में ही बीमारी के बहाने रखा जाए। जबकि फैसले के एक दिन पहले ही इनमें से कुछ आरोपी शादी समारोह में डांस करते एवं अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेते पाए गए। फैसले के बाद जो नई कहानी गढ़ी गई और न्यायालय से आरोपियों को जिला जेल के स्थान पर जिला अस्पताल ले जाया गया, उस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इन तमाम सवालों को उठाते हुए तैवरिया परिवार ने प्रशासन से बिगड़ती छवि को बनाये रखने की मांग की है। कहा जा रहा है कि आरोपी बस मालिक लुईस चौधरी, बीजेपी नेता एवं व्यापारी प्रदीप भदौरा, व्यापारी अखिलेश सतभैया सहित छह आरोपियों को चार-चार साल की कैद, अर्थदंड किया गया है। इस मामले में तीन आरोपियों को जिला जेल भेजा गया है, वहीं तीन आरोपियों को नाटकीय ढंग से इधर से उधर भेजा जा रहा है। सारे मामले पर सवाल उठाते हुए पीड़ित परिवार ने आरोपियों को जेल भेजे जाने पर जोर दिया है। कहा जा रहा है कि इन तीन आरोपियों का जिला जेल जाने से पहले ही अस्पताल पहुंचना हास्य स्पष्द है। बताया गया है कि गंभीर मारपीट के छह आरोपीगण को न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया, लेकिन बीच में ही तीन आरोपी जेल जाने से किसी तरह बच गए हैं और उन्हें अस्पताल में रखा गया है।

## घर में घुस कर की थी आरोपियों ने बेजा मारपीट

न्यायालय उठने तक की सजा को अपर्याप्त मानकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में शरण लेकर न्याय की गुहार लगाने के बाद विजय तैवरैया के पक्ष में हुए फैसले का फरियादी सहित उनके परिजनों ने स्वागत किया है। बताया गया है कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आरोपियों को चार-चार साल की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया है। बताया गया है कि न्यायालय हितेन्द सिंह सिसोदिया, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ़ द्वारा जिन आरोपियों को सजा सुनाई गई है, उनमें गजेन्द्र उर्फ लुईस चौधरी, प्रदीप भदौरा, रीतेश भदौरा, अखिलेश सतभैया, शहजाद खान, तारुण सोनी सभी निवासीयान टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ के नाम शामिल हैं। उक्त मामले में जानकारी देते हुए मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ नर्मदांजलि दुबे ने बताया कि मामला थाना कोतवाली टीकमगढ़ से संबंधित था। उक्त मामले में फरियादी विजय तैवरैया द्वारा थाना कोतवाली जाकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई थी कि 18 अक्टूबर 2012 के दिन के करीबी 10-11 बजे पपौरा जी में मारपीट का विवाद हुआ था। उसी विवाद के रंजिश के चलते सभी 6 आरोपीगण शाम को लाठी डंडे लेकर फरियादी के घर के अंदर घुस आये और सभी आरोपीगण द्वारा फरियादी व उसके परिवारजन की मारपीट की, जिससे सभी लोगों को चोटें आई थीं। फरियादी विजय तेवरैया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली द्वारा मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट टीकमगढ द्वारा 09 नवम्बर 2021 को सभी 6 आरोपीगण को धारा 323, 149 भादवि में न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1000 रूपये के जुर्माने से दंडित किया गया था। उक्त मामले की सजा को अपर्याप्त मानते हुए मामले की दांडिक अपील प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। अपील के दौरान अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य का पुनर्विलोकन एवं दोनों पक्ष के तर्क सुनने के पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा आज 08 नवम्बर 2023 को प्रत्येक आरोपी को धारा 458 भादवि के तहत 04-04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3-3 हजार रूपये के अर्थदण्ड तथा धारा 325,149 भादवि में 02-02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण के सभी 6 आरोपीगण को न्यायालय से जेल भेजा गया।

## पक्ष बोला-डॉक्टरों की मिलीभगत से जिला अस्पताल में कराया भर्ती

मारपीट के 11 साल पुराने मामले में न्यायालय ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित 6 लोगों को चार-चार साल की सजा सुनाई थी। सजा सुनाने के दो दिन बाद भी तीन दोषी जेल नहीं गए हैं। इसको लेकर पीड़ित तैवरैया परिवार भयभीत है। उनका आरोप है कि एक दोषी का भतीजा अस्पताल में है। उसी ने षडयंत्र कर तीन लोगों को बीमार बताकर जेल जाने से रोक रखा है। फरियादी विजय तेवरैया ने रविवार को कहा कि गजेंद्र उर्फ लुइस चौधरी, अखिलेश सतभैया और प्रदीप भदौरा डॉक्टरों की मिलीभगत कर जेल नहीं गए हैं। अस्पताल से सांठगांठ कर कागज तैयार करा लिए। इसलिए न्यायालय से उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया। आरोपी प्रदीप भदौरा का भतीजा जिला अस्पताल में डॉक्टर है। उसी ने पूरा षड्यंत्र रचा है और आरोपियों को जांच के बहाने टीकमगढ़ अस्पताल से ग्वालियर के रेफर करा लिया है।

## बीपी और शुगर पेशेंट बताकर किया भर्ती

जिला सत्र न्यायाधीश ने मारपीट के 11 साल पुराने मामले में 8 दिसंबर को भाजपा जिला उपाध्यक्ष रितेश भदौरा सहित प्रदीप भदौरा, गजेंद्र उर्फ लुइस चौधरी, अखिलेश सतभैया, शहजाद खान और तरुण सोनी को चार-चार साल की सजा सुनाई थी। इन पर 5-5 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया था। न्यायालय के आदेश के बाद रितेश भदौरा, शहजाद खान और तरुण सोनी को जेल भेजा गया। जबकि गजेंद्र उर्फलुइस चौधरी, अखिलेश सतभैया और प्रदीप भदौरा को बीपी और शुगर पेशेंट बताकर जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया।

## अस्पताल में दिया मोबाइल और घर का खाना

पीड़ित तैवरैया परिवार सहित विजय सुनवाहा ने यहां पत्रकारों से सारे मामले को अवगत कराया। परिवार के विपुल तेवरैया ने कहा कि तीनों आरोपी सजा से एक दिन पहले तक शादियों में डांस कर रहे थे। सजा होते ही डॉक्टर से मिली भगत कर बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो गए। उन्होंने कहा कि यह न्यायालय की अवमानना है। तीनों आरोपियों को अस्पताल में मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए हैं और घर से खाना मंगाकर खिलाया जा रहा है। उन्होंने मेडिकल बोर्ड से तीनों का परीक्षण कराए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि गजेंद्र उर्फ लुइस चौधरी भाजपा नेता और पूर्व पार्षद हैं। प्रदीप भदौरा केबल बनाने का फैक्ट्री का संचालन करते हैं। उनका फ्लोर मिल भी है। अखिलेश सतभैया के पास ट्रैक्टर एजेंसी है। सभी अपने रसूख का फायदा उठा रहे हैं।

## न्यायालय में दर्ज कराएंगे शिकायत

विजय तेवरैया ने कहा कि शनिवार और रविवार के अवकाश के चलते न्यायालय की छुट्टी है। सोमवार को इस मामले की शिकायत न्यायालयए कलेक्टर और एसपी के पास दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि तीनों आरोपियों के परिजन मुझे और मेरे परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहे हैं।

## पपौरा ट्रस्ट से जुड़ा है मामला

प्रदीप भदौरा और अनिल तेवरैया के बीच मारपीट का मामला जैन तीर्थ क्षेत्र पपौरा ट्रस्ट से जुड़ा है। अनिल तेवरैया ट्रस्ट में मंत्री हैं, जबकि प्रदीप भदौरा उनसे मंत्री का चुनाव हार गए थे। 18 अक्टूबर 2012 को प्रदीप भदौरा और विजय तेवरैया के बीच पपौरा में इस मुद्दे को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद रात में रितेश भदौरा, प्रदीप भदौरा ने अपने साथियों के साथ विजय के घर जाकर मारपीट की थी। विजय तेवरैया का कहना है कि अगले महीने फिर पपौरा ट्रस्ट के चुनाव होना है। अगर आरोपियों को जेल नहीं भेजा गया, तो वह चुनाव प्रक्रिया प्रभावित करेंगे।

## अस्पताल में मिलने पहुंच रहे परिजन

विजय तेवरैया का कहना है कि आरोपियों से मिलने के लिए उनके परिजनों की भीड़ अस्पताल में लगी रही। इसके बाद आरोपियों को आईसीयू वार्ड से मेडिकल वार्ड के कक्ष में शिफ्ट कर दिया गया। शनिवार को भी दिनभर तीनों आरोपी अस्पताल में भर्ती रहे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती तीनों लोगों का मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराने की मांग की है।

### मानव अधिकार दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# गुलामी और यातना से मुक्ति देश के प्रत्येक मानव का अधिकार




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ एवं विनोद कुमार पाटीदार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में रविवार 10 दिसम्बर 2023 विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत डुम्वार जनपद पंचायत डुम्वार में ग्रामीण स्वावलंवन समिति, टीकमगढ़ के समंवय एवं सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र ने 1950 में 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस घोषित किया था। बताया गया है कि मानवाधिकार दिवस लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के मकसद से मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है कि विश्व के सभी लोग सुरक्षित महसूस कर सके और भेदभाव रहित स्वतंत्रतापूर्वक जीवन जी सके। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक व शिक्षा का अधिकार भी शामिल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के अंतर्गत श्रमदान कर साफ-सफाई करने हेतु जागरूकता किया गया। उक्त कार्यक्रम में मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल है। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है, की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत डुम्बार, सरपंच प्रतिनिधि, सचिव, विधिक सहायक कैलाश नारायण मिश्रा ग्रामीण स्वावलंबन समिति के कार्यकर्ता राजकुमार अहिरवार, महेश वंशकार, प्रियंका अहिरवार, गोकुल प्रजापति अन्य कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोगामेड़ी को दी श्रद्धांजलि

**टीकमगढ़, देशबन्धु।।** स्थानीय राम निवास मंदिर में रविवार को समय 11 बजे सुबह श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। इस दौरान स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना को श्रद्धांजलि दी गई। बताया गया है कि सभा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महा सभा ओरछा स्टेट व करणी सेना सहित समाज के हर वर्ग के प्रतिनिधियों ने अपनी गरिमा मय उपस्थिति प्रदान की। जिसमें सबने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्व. सुखदेव सिंह की जिस प्रकार साजिश के तहत धोखे से हत्या की गई। उस पर सभी ने अपना रोष और विरोध प्रकट किया। बताया गया कि स्वर्गीय सुखदेव सिंह समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में सदैव खड़े रहते थे, लोगों की मदद करते थे। हमारी ऐतिहासिक संस्कृति सभ्यता और धरोहरों से छेड़ छाड़ के खिलाफ हमेशा आवाज उठाने में सबसे आगे रहते थे। ईडब्लूएस का 10 प्रतिशत आरक्षण जो आज सवर्ण वर्ग को मिला है। वो स्व. सुखदेव सिंह के विशाल आंदोलनों का ही नतीजा है। ऐसे युगपुरुष आज हमारे आपके बीच नहीं रहे, हमें उनके द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए । श्रृद्धांजलि सभा में पुष्पेंद्र सिंह चौहान व रजऊ राजा का विशेष सहयोग रहा। सभा का संचालन धर्मेन्द्र सिंह बुंदेला के द्वारा किया गया व सभा आयोजक नागेन्द्र सिंह झिनगुवां रहें।

# ठेकेदार ने खुदाई में तोड़ी पाइप लाइन, भरने लगा पानी





**टीकमगढ़,देशबन्धु।** शहर के पुरानी टेहरी वासियों के लिए मुहल्ले से जाने वाली अधिकांश सड़कें सिरदर्द बनी हुई है। पानी की टंकी से पुराना बस स्टेंड जाने वाली सड़क पर बने गहरे गड्ढे जहां हादसों का कारण बने हुए हैं, तो वहीं पुरानी टेहरी मुहल्ले में सड़कों पर पानी भरने लगा है। मुहल्लावासियों ने सड़कों की बदत्तर हालत पर नाराजगी जाहिर करते हुए मलाईदार पदों पर बैठे अधिकारियों से इस दिशा में प्रयास करने की मांग की है। बताया गया है कि पुरानी टेहरी में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से सीसी सड़क डाली जा रही है। ठेकेदार ने पुरानी सड़क की खुदाई करते समय पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी। जिससे पूरे मोहल्ले में पानी भर गया है। ठेकेदार की लापरवाही से मोहल्ले के लोगों में नाराजगी है। उन्होंने मामले की शिकायत पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों से की है। दरअसल, खादी आश्रम से सागर बाइपास तक लोक निर्माण विभाग की ओर से सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। पहले ठेकेदार ने पुरानी सड़क को उखाड़े बिना सीसी सड़क डालना शुरू कर दिया था। जिससे लोगों के घरों के दरवाजे सड़क से काफी नीचे हो रहे थे। मोहल्ले वालों के विरोध के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सड़क की खुदाई के बाद नई सड़क डालने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ठेकेदार ने पुरानी सड़क की खुदाई की, तो पाइप लाइन उखाड़ दी। जिससे लोगों के नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए और पूरी सड़क पर पानी भर गया। अब ठेकेदार ने काम बंद कर दिया है, लेकिन नगर पालिका की ओर से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन और नल कनेक्शन नहीं सुधारे गए। बीते तीन दिनों से पूरे मोहल्ले की सड़कें कीचड़ से शराबोर हैं। हालात इस कदर खराब है कि मोहल्ले के लोग और छोटे-छोटे बच्चे घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

**पुरानी टेहरी वासियों के लिए सिरदर्द बनी सड़कें**

## नपा ने नोटिस देकर पल्ला झाड़ा

मोहल्ले वालों की शिकायत पर नगर पालिका ने पीडब्ल्यूडी ठेकेदार को नोटिस देकर पल्ला झाड़ लिया है। नगर पालिका सीएमओ गीता मांझी का कहना है कि ठेकेदार ने लापरवाही से खुदाई कर पाइप लाइन को नुकसान पहुंचाया है। इसलिए सुधार की जबावदारी पीडब्ल्यूडी की है।

## जल्द होगा समस्या का समाधान

इस मामले में पीडब्ल्यूडी ईई इंद्र कुमार शुक्ला का कहना है कि 800 मीटर सीसी सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। ठेकेदार को 3 दिन में पाइप लाइन और नल कनेक्शन सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू का जलाया गया पुतला

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय टीकमगढ़ में अस्पताल चौराहे पर प्रदेश आहान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा व भाजपा पार्टी द्वारा झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू का पुतला जलाया गया। आयकर की टीम द्वारा उनके विभिन्न ठिकानों पर 6 दिसंबर से की गई दबिश में अब तक 220 करोड़ से ज्यादा का कैश व ज्वेलरी बरामद हो चुकी है और इसकी संख्या अभी और भी बढ़ सकती है। आज टीकमगढ़ भाजपा पार्टी द्वारा धीरज प्रसाद साहू का पुतला दहन कर कांग्रेस पार्टी का विरोध किया गया, भाजपा पार्टी द्वारा आरोप लगाया कि यह भ्रष्टाचार की कमाई है। जिसे जनता व देश से लूटकर किया गया है व कांग्रेस भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के झारखंड सांसद धीरज प्रसाद साहू के यहां भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है, वह भ्रष्टाचार द्वारा की गई काली कमाई है। वह रांची, भुवनेश्वर व अन्य उनके ठिकानों से मिली है, जो जनता व देश से लूट कर की गई है, जिसे भाजपा पार्टी पुर जोर विरोध करते हुए सख्त करवाई की मांग करती है।

### कलेक्टर ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

# बच्चे की सुरक्षा में चूक न होने दें, पोलियोरोधी खुराक अवश्य पिलाएं

## 10 से 12 तक चलेगा पल्स पोलिया अभियान



टीकमगढ़, देशबन्धु। कलेक्टर अवधेश शर्मा ने आज ट्रामा सेन्टर जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में 10 दिसंबर से 12 दिसंबर 2023 तक संचालित पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात 0 से 5 बर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा ने पांच वर्ष आयु तक के बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चे की सुरक्षा में चूक ना होने दें और पोलियोरोधी खुराक अवश्य पिलाएं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ के.एम.वरूण ने अभियान से सम्बंधित जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि पल्स पोलियो अभियान (एसएनआईडी) 10 दिसंबर से 12 दिसंबर 2023 तक संचालित होने जा रहा है। अभियान के दौरान 163776 बच्चो को पोलियों दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू टीकमगढ़ में बूथ टीम 1177 मोबाइल टीम 10 ट्रांजिट टीम 49 कुल 2441 बैकसीनेटरो को लगाया गया है। टीम द्वारा प्रथम दिवस बूथ पर दवा पिलाने एवं द्वितीय एवं तृतीय दिवस घर-घर जाकर दवा पिलाने का कार्य करेगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डां केएम वरूण ने आगे कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि कंस्ट्रक्शन साइट मेला खेत खलिहान ईट भट्टे आदि स्थानों पर सतत पर्यवेक्षण करने पर बल दिया जायेगा, ताकि 0-5 बर्ष का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से बंचित न रहे। पर्यवेक्षण कार्य के लिए जिले में 133 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये है। सेक्टर मेडीकल ऑफीसर खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित खण्ड स्तर से बीपीएम बीसीएम बीईई सभी अपने अधीन विकासखण्ड में पर्यवेक्षण का कार्य करेंगे। अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक विकासखण्ड की मोनीटरिंग करने हेतू प्रभारी नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। अभियान के सफल आयोजन हेतू सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी अभिभावकों से अपील है कि आप अपने नजदीकी पोलियों बूथ पर अपने 0-5 बर्ष के बच्चों को ले जाकर पोलियों दवा अवश्य पिलवायें। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीके माहौर, मेडीकल ऑफीसर डब्ल्यूएचओ डॉ. एसके गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, मेडीकल ऑफीसर प्रभारी शहरी क्षेत्र टीकमगढ़ डॉ. सिद्वार्थ रावत, जिला मीडिया अधिकारी मनोज नायक, डीसीएम प्रबल त्रिपाठी, कोल्ड चेन मैनेजर नरेश विश्वकर्मा, प्रभारी कोल्ड चेन टीकमगढ़ चंद्रशेखर तिवारी, एनएमएस दिनेश खरे सहित एएनएम उपस्थित रहे।

### बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की

# तहसीलदार, डॉक्टर अवंतिका ने किया पोलियो अभियान का शुभारंभ



**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर की तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने बताया कि बच्चों को पोलियो नामक बीमारी से बचाने के लिए भारत में इस अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर 1995 से हुई थी। इसके बाद भारत 27 मार्च को पोलियो से मुक्त हो गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ महेंद्र पटेल ने बताया कि पलेरा ब्लाक अंतर्गत तीन आदर्श बूथ बनाए गए हैं। जिसमें सीएचसी पलेरा, आंगनबाड़ी केंद्र बम्होरीकलां, सबसेंटर सिमरा को शामिल किया गया है। इस मौके पर तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी, बीएमओ डॉक्टर महेंद्र पटेल, डॉ अजय गुप्ता, डॉक्टर फिरोजा बानो, डॉ शिवम् शिवालला, डॉ विपुल, अतीक अहमद, गगन सोनी, राहुल खरया, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रश्मि राजोरिया, ओम प्रकाश शुक्ला, कपिल पीईओ उपस्थित रहे।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने मीडिया से की चर्चा

# जरारूधाम दमोह की पहचान है, यह देश की भी पहचान बनेगा: पटेल



**दमोह देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने निवास पर मीडियाजनों से चर्चा करते हुये कहा इन साढ़े 9 वर्षो में आप लोगों ने मेरे संसदीय जीवन में जो सहयोग किया है। इस बात के लिये मैं दमोह के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया और फोटो जर्नलिस्ट सभी का धन्यवाद करता हूं, हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। अच्छी बात यह हुई है की भारतीय जनता पार्टी चारों विधानसभा सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ विजय हुई है। राज्य में सरकार बनी है और इसकी प्रक्रिया एक-दो दिन में पूरी होकर सभी अपने-अपने नये दायित्वों की तरफजायेंगे। पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा मेरे राजनैतिक जीवन में संसदीय काल का सबसे लंबा समय दमोह का समय हैं। लोगों के मूल्यांकन करने का क्या नजरिया हैं मुझे नहीं पता और इसलिए मैंने जब संसद सदस्यता छोड़ी थी, तब मैंने अपने ट्वीट में लिखा भी था कि धन्यवाद और आभार देने से दमोह की जनता का कर्ज नहीं उतरेगा, जब तक मैं जीवित रहूंगा व्यक्तिगत और सामूहिक जो भी कर्तव्यों का निर्वाहन मैं कर सकता हूं, मैं उसे करूंगा, यह मैं आपको वचन देता हूं। दमोह के विकास के लिये और आपने जो मुझे रचनात्मक सहयोग दिया है, कभी जरूरत पड़े तो मैं दावे से कहता हूं मेरी कोई बाउंडरी नहीं है। पार्टी ने मुझे इतने मौंके दिये हैं कि मैं चार अगल-अगल जगहों से लोकसभा का सांसद रहा हूं। यह पांचवा स्थान हैं, जहां पर मैंने अपने जीवन में संघर्ष शुरू किया है। वहां पर जब पार्टी ने मुझे पहुंचाया तो वास्तव में मैं छिंदवाड़ा या जबलपुर की किसी सीट से लड़ने वाला था, लेकिन मैं आज अपने अनुज का भी साधुवाद करता हूं, मैं जानता हूं कि मैं आज चुनाव जीता हूं तो इसमें मुन्ना भैया की सक्रियता रही है। राजनीति की स्वच्छता के लिये भी यह घटना भविष्य में आप सभी के लिये भी चर्चा का केन्द्र होगी क्योंकि अक्सर राजनीति में परिवार वाद की चर्चा होती है। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा मैं जरारूधाम से भावनात्मक रूप से जुड़ा हूं, उसमें भी मैं आप सभी के सहयोग के लिये आप सभी का आभारी हूं। आपने जिस प्रकार से हमें नैतिक बल दिया है, मैं विश्वास करता हूं कि अभी वो दमोह की पहचान हैं, यह देश की पहचान बनेगा ऐसा मेरा भरोसा है।

# छोलाछाप डाक्टरों की भरमार, लोगों के जीवन से कर रहे खिलवाड़, स्वास्थ विभाग मौन



**पन्ना, देशबन्धु।** पूरे जिले में गांव-गांव में झोलाछाप डॉक्टरो का जाल फैला हुआ है जो भोले-भाले लोगो के साथ इलाज के नाम पर मोटी रकम ऐठते है तथा इनके जीवन के साथ खिलवाड कर रहें है। यह नेटवर्क वर्षो से चल रहा है।

खासकर चांदसी क्लीनिक चलाने वाले बंगाली डॉक्टर गांव गांव में बैठकर मनमाने ढंग से ईलाज करते है एवं हजारो रूपये लूट लेते है, जब मरीजो का स्वास्थ अधिक बिगड जाता है तो इन्हे जिला मुख्यालय या अन्य बडे जिलो के लिए इलाज कराने के लिए भेज देते है। बिना किसी वैध दस्तावेज तथा अनुभव होने के बावजूद सरे आम लोगो का इलाज करते देखे जा सकते है तथा पैसा कमाकर नेताओं एवं राजनैतिक दलो के लोगो से संबंध बनाकर अपना गोरखधंधा लगातार चला रहें है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा भी कोई कार्यवाही नही की जा रही है। उदाहरण के तौर पर सलेहा कल्दा क्षेत्र में आदिवासी बाहुल्य इलाके में इनका जाल अधिक फैला हुआ है। जो जगह जगह बैठे हुए है। इसी तरह सलेहा उपस्वास्थ केन्द्र के नजदीकी ग्राम कल्दा घाट के नीचे मुटमुरू गांव में एक अप्रशिक्षित अनुभवहीन बंगाली दवाखाना का बड़ा पोस्टर लगा कर बैठा है इसका नाम शनद विश्वास बताया जा रहा है जबकि पोस्टर में कृष्णा लिखा है इसके हौसले इतने बुलंद है कि गांव गांव घर घर पहुंचने के लिए इसने बंगाली दवाखाना पोस्टर में अपना मोबाइल नम्बर डाल रखा है। शनद विश्वास बंगालीदवाखाना का मेडिकल स्टोर जैसे भरा है। क्लीनिक अनपढ़ झोला छाप शनद बाटल इंजेक्शन लगाकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड करता है। स्थानीय लोगो ने क्षेत्र में फैले इस प्रकार के अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## पिक्षिका ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले दंपति का सम्मान



**दमोह देशबन्धु।** दमोह के नन्हे मंदिर जैन धर्मशाला में उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी महाराज के सफल चातुर्मास उपरांत आयोजित पिक्षिका परिवर्तन समारोह में पिक्षिका ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले दंपति श्रीमती मीना एवं विनय विनम्र एवं क्षमा श्रेयांश लहरी का श्री दिगंबर जैन वृति भोजन शाला समिति के द्वारा सम्मान किया गया तथा सम्मान पत्र भेंट किया गया इस मौके पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व प्रचार मंत्री सुनील वेजीटेरियन ने कहा कि संयम की प्रतीक मयूर पिचिका मुनि श्री के हाथों से प्राप्त होना अत्यंत दुर्लभ एवं सौभाग्य की बात है विनय एवं मीना ने अपनी विनयसीलता एवं धर्म परायणता से सभी को प्रभावित किया है। इस अवसर पर वृदि भोजनशाला के अध्यक्ष रूपचंद जैन उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंघई महेश बड़कुल डॉ आरके जैन विशाल चंद जैन संजीव शाकाहारी आदि भोजन शाला समिति के सदस्यों ने साल एवं श्रीफल से श्रावकों का सम्मान किया।

## शहर में राजा किशोर सिंह की मूर्ति रखवाने ज्ञापन सौंपा



**दमोह देशबन्धु।** अटल सेना के अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह लोधी और सचिव दीनदयाल पटेल ने 1857 क्रांति के महानायक, अंग्रेजों से लोहा मनवाने वाले, दमोह को 6 महीने तक आजाद रखने वाले, अमर योद्धा, शेर-ए-बुंदेलखंड, क्रांतिकारी अमर शहीद, हिंडोरिया रियासत के राजा किशोर सिंह की मूर्ति दमोह शहर में रखवाने हेतु दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष कवि चन्द्रभान सिंह लोधी ने कहा कि यह मेरी दिली तमन्ना थी कि दमोह शहर में राजा किशोर सिंह जी की मूर्ति रखी जाए। लेकिन आज तक न प्रशासन ने ध्यान दिया और न ही जिले के नेताओं ने ध्यान दिया। जबकि प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने 2007 में एक जन सभा में घोषणा की थी कि दमोह में राजा किशोर सिंह की मूर्ति रकवायेंगे। फिर भी अभी तक मूर्ति नहीं रखी है। ज्ञापन सौंपकर राजा किशोर सिंह की मूर्ति दमोह शहर में रखवाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते समय संगठन सचिव दीनदयाल पटेल, अर्जुन सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नीलेश सिंह, सुनील शाह, निरपत सिंह, पुष्पेंद्र सिंह लोधी, मदन प्रजापति, धर्मेन्द्र पटेल, सुदामा बंसल, बलवान सिंह सरपंच, बहादुर सिंह, भगत सिंह, बबलू ठाकुर, गोविंद सिंह, संजू बाबा, इमरोज खान, अमर सिंह समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## नगर में बह रही धर्म की गंगा कथा सुनने लगी भक्तों की कतार

**दमोह देशबन्धु।** श्री राम मंदिर में होने वाली भागवत में पंडित रसिक बिहारी जी महाराज की भागवत कथा का आयोजन पुराना थाना के स्वर्णकार परिवार द्वारा किया जा रहा हैं। बिहारी लाल स्वर्णकार श्रीकांत सचिन स्वर्णकार के द्वारा आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जनता शाहगढ़ से पधारे पंडित रसिक बिहारी महाराज से कथा सुन कर धार्मिक लाभ ले रहे बहराम टॉकीज के पास होने वाली कथा में श्री कृष्ण जन्म का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रीकांत बने भगवान श्रीकृष्ण के पिता और कथा के बीच ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस साप्ताहिक आयोजन में ना सिर्फ दमोह बल्कि जबलपुर रानीपुर ललितपुर उत्तरप्रदेश से भी भक्त दमोह पहुँचे यह आयोजन बिहारी लाल स्वर्णकार के नेतृत्व में चला जिसमें दमोह नगर के सैकड़ों महिला पुरुषों ने प्रतिदिन पहुँचकर धर्म लाभ लिया।

# पुलिस परिवार की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने योजना का किया शुभारंभ



**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी द्वारा रक्षित केन्द्र दमोह में पुलिस परिवार की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु पुलिस कल्याण केन्द्र द्वारा धृति एक अभिनव पहल योजना का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह संदीप मिश्रा, रक्षित निरीक्षक दमोह हेमन्त बरहेया और पुलिस परिवार की सम्मानीय महिलाओं एवं बच्चों की उपस्थिति में किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा धृति योजना के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित महिलाओ को प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक तिवारी ने बताया धृति योजना पुलिस महानिदेशक म0प्र0 के मार्गदर्शन में पुलिस कल्याण केन्द्र द्वारा पुलिस परिवार की महिलाओ को सशक्त और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने हेतु प्रारंभ की गई है। इस योजना में पुलिस परिवार की महिलाओं में निहित हस्तकला की प्रतिभा जैसे कढ़ाई, बुनाई, सिलाई, खाद्य वस्तुएं, हस्तशिल्प, दीपक, चटाई, मैट, सजावटी वस्तुए आदि निर्मित, शिल्पित एवं सृजित करने की रूचि को निखार कर निर्मित वस्तुए पुलिस परिवार द्वारा ही मेले प्रदशर्नी आदि में विक्रय कर अर्जित लाभ को अनुपातिक रूप से इस कार्य में लगी महिलाओं को वितरित कर दी जायेगी। पुलिस विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार प्रसिद्ध एवं अनुभवी प्रशिक्षकों से इन्हें निशुल्क प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इनके द्वारा सामग्री का निर्माण स्वयं के निवास स्थान पर किया जा सकता है। पुलिस परिवार की महिलाओ द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओ का प्रदर्शन भी किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस परिवार के बच्चो को दिशा लर्निंग सेंटर के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## हर्षोल्लास से मनाया संडे स्कूल कार्यक्रम




दमोह देशबन्धु। मसीही समाज का प्रमुख रविवारीय वार्षिक कार्यक्रम सन्डे स्कूल दिवस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दमोह के मसीही समाज ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नगर के समाज गृह में मनाया ईस्टर पर्व के दो सप्ताह पूर्व सन्डे स्कूल दिवस मनाया जाता है जिसमें संडे स्कूल के नन्हें नन्हें बच्चों के द्वारा मसीही गीतों पर आधारित कार्यक्रम गीत संगीत नाटक की प्रस्तुतियां दी गई। सण्डे स्कूल प्रभारी डॉ इन्दु लाल के नेतृत्व में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का सरानीय योगदान रहा। जिसमें शिक्षिका डॉ शीला लाल, शिक्षक जीवन मैसी, पीके पॉल, जया सिं प्रतिमा प्रसाद, एवी जॉर्ज सीमान्त वाल्टर संजय बारीक सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा ।

## आदिवासी ग्राम पलथरा में बीज मेला संपन्न



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना तहसील अन्तर्गत ग्राम पलथरा में बीज मेला संपन्न हुआ। जिसमे अनेक वैज्ञानिक तथा कृषी कार्य से जुडे वक्ताओ द्वारा किसानो को अनेक तकनीकी से अवगत कराया। स्वंय सेवी संस्था समर्थन के सहयोग से अन्य जिलो से संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर किसानो को नये-नये तकनीकियों से अवगत कराया। जिसमे अखिल भारतीय समाज सेवी संस्थान, मानिकपुर चित्रकूट, पीएसआई शाहनगर एवं समर्थन पन्ना के किसान एवं सभी संस्थान से साथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वय आरआर, नेटवर्क बुन्देलखण्ड के समन्वयक राजीव गुप्ता ने किया। बीज मेले में किसानों के द्वारा एवं संस्थानों के द्वारा किसानों से एकत्र किए गए धान, कोदो, कुटकी, सांबा, मटर एवं गेंहू के परंपरागत बीजों को लाया गया और 8 किस्मों की धान के पेनिकल बाल को भी लाया गया। जिसमे किसानों द्वारा लाए हुए बीजों के बारे में किसानों ने विस्तार से चर्चा की तथा बताया की हम देसी बीजों को क्यों लगा रहे हैए जैसे कुछ किस्म कम पानी में उग जाती है, कुछ किस्म कम पैदावार देने वाली है, कुछ गेहूं एवं धान खाने में बहुत अधिक स्वादिष्ट है, कुछ ऐसे बीज है जो मधुमेह के रोगियों के लिए बहुत अधिक उपयोगी है इस तरह की कुछ विशेषताएं बताई एवं आपस में एक दूसरे के साथ बीजों का आदान प्रदान किया गया। जिससे आगे आने वाले सीजन में विलुप्त हो रही देसी किस्मों को इन क्षेत्रों में दोबारा से प्रचलन में लाया जा सके। साथ ही गांव में ही लगी धान की फसल विविधिता ब्लाक का भ्रमण किया गया जिसमे किसानों ने धान की किस्मों को देखा और किस्मों के बारे में समझाया। उक्त कार्यक्रम में समर्थन के क्षेत्रीय संमन्वयक ज्ञानेन्द्र तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को मिले नोबल शांति पुरस्कार की याद में हुआ आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** तिब्बती धर्मगुरु पूज्य दलाई लामा जी को मिले नोबल शांति पुरस्कार की याद में दमोह में तिब्बती शरणार्थी समाज ने दलाई लामा के प्रति श्रद्धा और आदर व्यक्त करने के लिए आयोजन किया गया। भारत तिब्बत मैत्री की भावना से सदभाव परिवार के संतोष भारती के संयोजन में प्रति वर्ष 10 दिसम्बर को यह आयोजन होता है। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। समाजवादी नेता संतोष भारती ने चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने और तिब्बती निर्वासितों को वर्ष 1959 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा भारत में शरण देने के इतिहास को रेखांकित किया और दलाई लामा के शांति संघर्ष की प्रशंसा की। वरिष्ठ साहित्यकार श्याम सुन्दर शुक्ल ने तिब्बत भूमि की पावनता और पूज्य दलाई लामा के अहिंसक संघर्ष पर विचार व्यक्त किये। वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे ने कहा कि पूज्य दलाई लामा का संघर्ष अप्रतिम है, दुनिया में नेल्सन मंडेला और दलाई लामा एक उदाहरण हैं जो महात्मा गाँधी के सत्य, अहिंसा और शांति के रास्ते से अपने देश की स्वाधीनता के लिये लंबा संघर्ष किये हैं। दलाई लामा भी एक दिन अपना देश स्वतंत्र कराने में सफल होंगे। समारोह में मुकुट मुरारी व्यास, डा सुदेश जैन, अरविंद इटोरिया, श्रीमती आभा भारती, डा प्रेमलता नीलम, सुश्री करुणा खरे, राजीव अयाची, चंदू राय, मनीष रैकवार एवं प्रेस फोटोग्राफर राजू प्रिंस सहित तिब्बती समाज के लोग उपस्थित थे। श्री पेमा की अगुवाई में तिब्बती भाई बहनों ने अतिथियों का स्वागत और सत्कार किया। दलाई लामा के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की मंगल कामना की।

## उपजेल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



दमोह देशबन्धु। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती रेणुका कंचन एवं सुनील कुमार जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति हटा के मार्गदर्शन में सब जेल हटा में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में में विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में श्री सुनील कुमार खरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जेलर श्री नागेन्द्र चौधरी, डाक्टर यू एस पटेल, डॉक्टर अनंत कुमार, डॉक्टर सचिन अग्रवाल, पैरामेडिकल स्टाफएवं जेल स्टाफउपस्थित रहा। कार्यक्रम मे बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और जिन बंदियों की जो भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो वह चिकित्सकों को बताकर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं एवं बंदियो के अधिकार जैसे नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने, संपर्क अथवा मुलाकात का अधिकार, पढ़ने, लिखने एवं अभिव्यक्ति का अधिकार, मारपीट एवं प्रताड़ना के विरूद्ध शिकायत, व्यक्तिगत सुनवाई का अधिकार, मनोरंजन सुविधाओं, धर्मपालन का अधिकार, उपचार का अधिकार आदि की विस्तृत जानकारी दी। शिविर के उपरांत जेल मे रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया गया।

# मानव अधिकार दिवस: जिला जेल में जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में जिला जेल दमोह में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला जि.वि.से.प्रा. अंबुज पांडे, तृतीय जिला न्यायाधीश दमोह महिमा कछवाहा, अधीक्षक जिला जेल सी.एल. प्रजापति, जिला चिकित्सालय से उपस्थित चिकित्सकों की टीम, जेल स्टाफएवं बंदीगण उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला जि.वि.से.प्रा. अंबुज पांडे ने अपने उद्बोधन में बताया कि जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य है कि प्रत्येक बंदी को अपने विधिक अधिकारों की जानकारी हो। वे अपने अधिकारों से अनभिज्ञ न रहें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दंडित बंदी को अपील करने का अधिकार होता है। साथ ही उन्होंने बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लेते हुए जिन बंदियों की जो भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो वह चिकित्सकों को बताकर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं। तृतीय जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा ने बंदियो के अधिकार जैसे नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने, संपर्क अथवा मुलाकात का अधिकार, पढ़ने, लिखने एवं अभिव्यक्ति का अधिकार, मारपीट एवं प्रताड़ना के विरूद्ध शिकायत, व्यक्तिगत सुनवाई का अधिकार, मनोरंजन सुविधाओं, धर्मपालन का अधिकार, उपचार का अधिकार आदि की विस्तृत जानकारी दी। उक्त शिविर में कुल 40 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का आभार अधीक्षक जिला जेल सी.एल. प्रजापति ने व्यक्त किया।

# वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम स्तर पर



सागर, देशबन्धु। ज्ञान सागर कॉलेज में विगत दो दिनों से चल रही पश्चिम क्षेत्रीय नेशनल लेवल महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुऐ मुकाबलों में महिला प्रतिभागियों ने खेल का अद्भुत प्रदर्शन दिखाया। चार राज्यों से आयी हुई विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने खेल का जो उच्च स्तर का प्रदर्शन किया उसे देखकर सभी दर्शक रोमांच से भर उठे तथा खिलाड़ियों की प्रशंसा करते नहीं थके। प्रतियोगिता के तीसरे दिन 16 मैच हुए। जिनमें कई रोमांचक मुकाबलों में छात्राओं ने अपने हुनर का बेहतरीन प्रर्दशन कर टीम को विजयी बनाकर खेल की उत्कृष्टता का परिचय दिया। जिनमें विशेषत: डीयूएस विवि सीकर बनाम भारती विद्यापीठ विवि पुणे तथा बरकतउल्लाह विवि भोपाल बनाम राजा शंकरशाह विवि छिंदवाड़ा के बीच हुए मैच सबसे ज्यादा चर्चित एवं रोमांच से भरे हुए रहे। इन मैचों में डीयूएस विवि सीकर ने भारती विद्यापीठ विवि पुणे को 3-1 से शिकस्त दी एवं राजा शंकरशाह विवि छिंदवाड़ा ने बरकतुल्लाह विवि भोपाल को कांटे की टक्कर दी जिसमें अन्तत: बरकतउल्लाह विवि भोपाल 3-1 से विजयी रहा। प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों में गुजरात विद्यापीठ विवि अहमदाबाद ने जीजीटी विवि बांसवाड़ा को 3-0 से, एपीएस विवि रीवा ने जीवाजी विवि ग्वालियर को 3-0 से, एसजीएस विवि गुजरात ने भूपल नोबल्स विवि उदयपुर राजस्थान को 3-0 से, मुम्बई विवि ने शिवाजी विवि कोल्हापुर को 3-0 से, रानी दुर्गावती विवि जबलपुर ने सरदार पटेल विवि गुजरात को 3-0 से एवं बीकेएनएम विवि जूनागढ़ गुजरात ने गुजरात विवि नवरंगपुरा अहमदाबाद को 3-0 से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया।रविवार के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भानूप्रताप सिंह भदौरिया, नोडल अधिकारी, एमआईटीएस ग्वालियर रहे जिनका संस्था के डायरेक्टर इंजी. रितुल सराफ तथा संस्था के प्राचार्य डॉ. आरके जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। अतिथि ने महिला प्रतिभागियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी को आगे होने वाले मैंचों में अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाऐं दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकृष्ण तिवारी लेक्चरार, मुकेश तिवारी लेक्चरार, आरएस पटैरिया लेक्चरार, राजीव टंडन, डॉ. तरूण कुमार सिंह रहे। मैंचों में डॉ. अजय व्यास द्वारा शानदार कामेन्ट्री की गई। कार्यक्रम में मयंक तिवारी, दिनेश साहू, शरद जैन, राहुल जैन, हितेश पटेल, राजीव जोशी, पंकज गोस्वामी, प्रिया इटोरिया, मिस. दिव्या राय, स्मृति त्रिपाठी एवं समस्त ज्ञान सागर स्टॉफ ने प्रतिभागियों को बधाई एवं जीत की शुभकामनाऐं दी।

## राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन



ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराया गया। जिसमें मप्र के विभिन्न नोडल जबलपुर, भोपाल, इंदौर, सागर, रीवा एवं उज्जैन नोडल के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें सभी नोडल से आये हुए खिलाड़ियों ने अपनी तैराकी की अद्भुत कलाओं का प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग में क्रमश: 50 मी. एवं 100 मी. की रिले में फ्री स्टाइल, बैक स्टाइल, ब्रेस्ट स्टाइल और बटरफ्लाई स्टाइल के इवेंट हुए जिसमे भोपाल नोडल ने 11 गोल्ड, 2 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज मेडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि जबलपुर नोडल ने 6 गोल्ड, 4 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज मेडल के साथ द्वतीय तथा इंदौर नोडल ने 3 गोल्ड 10 सिल्वर व 6 ब्रॉन्ज मेडल के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भानूप्रताप सिंह भदौरिया, नोडल अधिकारी, एमआईटीएस ग्वालियर रहे जिनका संस्था के डायरेक्टर इंजी. रितुल सराफ एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. आरके जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया तथा मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतियोगियों से परिचय लेकर उनको उत्कृष्ट प्रदर्शन करने व प्रतियोगिता में जीत प्राप्त करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में डॉ. राजेश निनावने, डॉ. सुलभ कुमार जैन, श्रीपद गंजीवाले एवं राहुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## मुख्य महाप्रबंधक ने जलप्रदाय योजनाओं के कार्यो की समीक्षा कर निरीक्षण किया



सागर, देशबन्धु। मप्र जल निगम मर्यादित, परियोजना क्रियान्वयन इकाई के मुख्य महाप्रबंधक अजय दिवाकर के द्वारा महाप्रबंधक गौरव सिंघई के साथ सर्विस लेबिल बेंचमार्क, रोड़ रेस्टोरेशन, हर घर जल, वॉल मेन की नियुक्ति और राजस्व कलेक्शन, एसक्यूसी की जिम्मेवारी, तकनीकी बारीकियों तथा ओएंडएम पर चर्चा करते हुए गढ़ाकोटा, बक्सवाहा, शाहगढ़, बंडा, सनोधा एवं मडिया जलप्रदाय योजनाओं के कार्यो को पूर्ण करने हेतु प्लानिंग के साथ कार्य पूर्ण करने हेतु समीक्षा की। समीक्षा में पीआईयू सागर के उप प्रबंधक और क्रियान्वयन एजेंसियों एलएनटी, एलसीसी, श्री कांट्रेक्टर, एनवेयरो के प्रतिनिधि, एसक्यूसी स्टाफ और टीपीआई के तकनीकी अमले के प्रतिनिधि व अन्य स्टॉफ उपस्थिति रहे। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक द्वारा सानौधा, शाहगढ़, बंडा, मालथोन एवं बक्सवाहा योजनाओं अंतर्गत जलशोधन संयंत्र एवं इंटेकबेल का निरीक्षण भी किया।

## जीत के बाद आचार्य श्री विद्या सागर से आशीर्वाद लेने पहुंचे शैलेंद्र जैन



सागर, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव में सागर विधानसभा क्षेत्र से चौथी बार जीत के बाद सागर विधायक शैलेंद्र जैन छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास नेवरा तिल्दा में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर के दर्शनों के लिए पहुंचे। विधायक जैन ने आचार्य श्री को श्री फल अर्पित मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सागर से महेश बिलहरा एवं कैट के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मालथौन ने भी गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात लगभग 35 मिनिट आचार्य श्री विद्यासागर ने विधायक शैलेंद्र जैन से जलसंवर्धन से जुड़े अनेक प्रकल्प जैसे जल यातायात, पशुपालन, सिंचाई जैसे अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा की साथ ही गुरुदेव ने श्री अन्न ज्वार, बाजारा, कोंदों, रागी आदि मिलेट्स के उपयोग पर जोर दिया। गुरुदेव के दर्शन उपरांत विधायक जैन ने तिल्दा में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल होकर वहां के जिनालयों के दर्शन किए इस दौरान विधायक जैन का स्थानीय जैन समाज द्वारा सम्मान किया गया। आचार्य श्री से प्राप्त मंगल आशीर्वाद के बाद प्रसन्न मुद्रा में विधायक शैलेंद्र जैन ने स्थानीय मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि साक्षात् ईश्वर तुल्य आचार्य श्री विद्यासागर से आज नई ऊर्जा प्राप्त हुई हैं। मैं अत्यंत सौभाग्य शाली हूं कि जो मुझे गुरुदेव की शरण में इतना समय व्यतीत करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## ट्रैक्टर से घायल हुआ आदिवासी युवक 12 दिन बाद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

### हादसे में पैर एक खोया, घर में छाई तंगी



शाहगढ़, देशबन्धु। निवाही गांव में एक सड़क हादसे में 36 वर्षीय युवक नारायण आदिवासी के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ने से वह घायल हो गया, घटना 29 नवंबर की है, घटना को अंजाम देने वाले परिवार द्वारा इलाज कराने में होने वाली राशि का वहन करने का आश्वासन देने पर घायल द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी और सागर निजी अस्पताल में कराए गए इलाज के दौरान उसका दाहिना पैर काटना पड़ा इसके अलावा दाहिना हाथ सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटे आई थी जिसका इलाज निरंतर चल रहा था, ईलाज में अत्यधिक खर्च होने पर ट्रैक्टर चालक ईलाज करवाने में होने मुकरने लगे, आदिवासी युवक का इलाज और घर परिवार के भरण पोषण नहीं हो पा रहा था, घायल युवक नारायण आदिवासी ने 12 दिन बाद रविवार को शाहगढ़ थाने में पहुंचकर निबाही गांव के ट्रैक्टर चालक मालिक पर मामला दर्ज कराने परिवार के लोगों के साथ पहुंचें।

फिलहाल पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे ईलाज के लिए शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## विकसित भारत 2047 के तहत प्रधानमंत्री का युवाओं के साथ संवाद आज

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के क्रम में विकसित भारत/2047 वॉयस ऑफ यूथ के तहत प्रधानमंत्री का युवाओं के साथ संवाद का लाइव प्रसारण आज प्रात: 10 बजे से अभिमंच सभागार में आयोजित किया जाएगा। विवि के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी इस विशेष कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## मप्र पेंशनर्स समाज की बैठक 17 को

सागर, देशबन्धु। मप्र पेंशनर्स समाज जिला शाखा द्वारा 17 दिसम्बर को पेंशनर्स-डे मनाया जायेगा। पेंशनर्स-डे पर 80 वर्ष के पेंशनर्स का सम्मान किया जावेगा एवं पेंशनर्स की आवश्यक मांगों के संबंध एवं पेंशनर्स के हित लाभ के संबंध एवं पेंशनर्स के हित लाभ के संबंध चर्चा व व्याख्यान के जरिये सबको अवगत कराया जावेगा। पेंशनर्स समाज की इस आहूत बैठक में जिले के समस्त तहसील, ब्लाकों से पेंशनर्स समाज के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## बंडा नगर परिषद अध्यक्ष की कार दुर्घटनाग्रस्त



बंडा, देशबन्धु। बंडा नगर परिषद के अध्यक्ष वैभवराज कुकरेले की कार को ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार में सवार नप अध्यक्ष कुकरेले और उनके मित्र डॉ. गजेंद्र राय घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार बंडा नगर परिषद अध्यक्ष वैभवराज कुकरेले अपने दोस्त डॉ. गजेंद्र राय के साथ छतरपुर से कार में सवार होकर बंडा लौट रहे थे। तभी ग्राम क्वायला के पास सामने से आ रहे ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। वहीं अध्यक्ष कुकरेले और डॉ. राय घायल हो गए। घटनाक्रम के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। सूचना पर बंडा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें प्राथमिक उपचार के बाद नप अध्यक्ष घायल वैभवराज कुकरेले को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर भेजा गया है, उनके पैर में गंभीर चोट आई है। घायल डॉ. गजेंद्र राय का इलाज सागर के निजी अस्पताल में चल रहा है। मामले में बंडा थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। ट्रक की तलाश की जा रही है।

## सीमेंट से भरा डंपर पलटा



बीना, देशबन्धु। मालथौन रोड पर बसाहरी गांव के पास सीमेंट से भरा एक डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद मौके से ड्राइवर और क्लीनर फरार हो गए थे। इसके बाद आसपास के लोगों ने इसका फायदा उठाकर सीमेंट की बोरियां उठाकर ले गए। डंपर पलटने की जानकारी लगने के बाद कुछ लोग अपनी बाइक से सीमेंट की बोरी उठाकर ले जाने लगे। लोगों ने इसकी जानकारी खिमलासा पुलिस को दी, तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही सीमेंट चोरी करने वाले लोग वहां से भाग गए। इसके कुछ देर बाद मौके पर ड्राइवर व वाहन मालिक भी आ गया, जिन्होंने बताया कि वह डंपर मंझगवा रीवा से बीना की ओर आ रहा था। ड्राइवर के नशे में होने के कारण क्लीनर गाड़ी चला रहा था। ऐसे में गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। डंपर पलटने का फायदा उठाकर आसपास के लोगों ने करीब 35 से 40 बोरी से ज्यादा सीमेंट चोरी कर ली।

## पूर्व सांसद को श्रद्धांजलि अर्पित की

सागर, देशबन्धु। सागर लोकसभा क्षेत्र के वर्ष 1967 के पूर्व सांसद दादा राम सिंह अहिरवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया है। राम सिंह अहिरवार समाज सेवा, स्वच्छ राजनीति, ईमानदारी के सबसे बड़े उदाहरण है। शायद आने वाले समय पर भी ऐसी उच्च कोटि की स्वच्छ राजनीति वाली शख्सियत राजनैतिक क्षेत्र में कभी प्राप्त न हो। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर गहन शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि व शोक व्यक्त करने वालों में धर्मराज ठेकेदार, दीपक पांडे आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण संपन्न



सागर, देशबन्धु। रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कोर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण रविवार सुबह 10 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन सागर में डॉ. नीना गिडियन स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय के मुख्य अतिथ्य, आरसीसी चैयरमेन अधिवक्ता वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, वैज्ञानिक डॉ. आशीष त्रिपाठी कृषि विज्ञान केंद्र, अजय उपाध्याय, डॉ. केके शुक्ला, आयुष्मान सैनी, लाल बहादुर सोनी की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण में 12 बच्चों ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 10 से 12 तक नि:शुल्क कांची रेस्टोरेंट मे दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चों की दिलचस्पी बढ़े और सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे: निगमायुक्त

सागर, देशबन्धु। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी प्रमुख योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक समयबध्य तरीके से पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसका 14 दिसंबर को नगर में प्रवेश हो रहा है और पहला शिविर पद्माकर स्कूल कटरा बाजार में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र नागरिक जो अभी तक योजनाओं के लाभ से वंचित हैं उन्हें योजना लाभ दिलाने के लिए शिविर में योजनाओं संबंधी आवेदन पत्र प्राप्त कर हितग्राहियों का नामांकन एवं चयन किया जाएगा। यात्रा की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार 14 से 19 दिसंबर तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर कुल 11 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक शिविर का उपयंत्री को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा उनके सहायक के रूप में संबंधित वार्ड के जोन प्रभारी और कर संग्राहक उपस्थित रहेंगे जो वार्ड में जनप्रतिनिधियों की सहायता से योजना के लिए पात्र नागरिकों को चिन्हित कर शिविर में लाकर लाभ दिलाने में मदद करेंगे।

## घर से भगाकर नाबालिग से दुष्कर्म

सागर, देशबन्धु। सुरखी थाना की बिलहरा पुलिस चौकी क्षेत्र में नाबालिग को घर से भगाकर ले जाने और दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नाबालिग को घटना के डेढ साल बाद बरामद किया है। मामले में पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार बिलहरा चौकी क्षेत्र के ग्राम में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग 22 अप्रैल 2022 को बगैर बताए घर से कहीं चली गई थी। बेटी के गायब होने पर परिवार वालों ने आसपड़ोस और रिश्तेदारों के घर तलाश किया। लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर नाबालिग की छानबीन शुरू की। जांच करते हुए पुलिस ने शनिवार को नाबालिग को दस्तयाब कर लिया। थाने लाकर उसके बयान लिए गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुमित गौंड उम्र 31 साल निवासी पिपरिया 22 अप्रैल 2022 को नाबालिग को अपने साथ भगाकर ले गया था। उसने पुणे में अलग-अलग स्थानों पर किराए का कमरा लेकर नाबालिग को अपने साथ रखा। जहां उसके साथ गलत काम किया। इस दौरान नाबालिग गर्भवती हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी सुमित के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## पंचायत उप चुनाव के लिए आवेदन 22 दिसंबर तक, मतदान 5 जनवरी को

सागर, देशबन्धु। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतराज संस्थाओं में रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए चुनाव कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। 22 दिसम्बर तक नामांकन होगा एवं 5 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार चुनाव की अधिसूचना का प्रकाशन 15 दिसम्बर को किया जाएगा। इसी दिन रिक्त पदों के आरक्षण की सूचना एवं मतदान केन्द्रों की भी सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्र 22 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 23 दिसम्बर को की जाएगी। उम्मीदवार 26 दिसम्बर को दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। पंच पदों के मतों की गणना मतदान समाप्ति के बाद मतदान केन्द्र में होगी। शेष सभी पदों के निर्वाचन की मतगणना 9 जनवरी को प्रात: 8 बजे से विकासखण्ड मुख्यालय में की जाएगी। मतों का सारणीकरण करके विकासखण्ड स्तर पर 9 जनवरी को सरपंच तथा जनपद सदस्य और 11 जनवरी को पंच तथा जिला पंचायत सदस्य पदों के चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी।

## तिवारी मप्र पेंशनर्स समाज के जिला प्रवक्ता नियुक्त



सागर, देशबन्धु। मप्र पेंशनर्स समाज जिला शाखा के अध्यक्ष जेपी पांडेय ने संगठन के सदस्य पं. केके तिवारी को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया है। तिवारी को कोषालय तथा अन्य विभागों के सचिव का प्रभार भी सौंपा गया। तिवारी कोषालय सहित अन्य विभागों से संबंधित पेंशनर्स की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे।

# नेहा नगर में पिच्छीका परिवर्तन समारोह कार्यक्रम संपन्न



मकरोनिया, देशबन्धु। पिच्छी परिवर्तन बाहरी लेनदेन का नहीं बल्कि हृदय परिवर्तन का दिवस है। जो व्यक्ति संयम, नियम लेकर मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ता है उसे साधु पुरानी पिच्छी प्रदान करते हैं और नई पिच्छी ग्रहण कर ली जाती है यह बात आर्यिका अकंपमति ने पिच्छीका परिवर्तन कार्यक्रम में कही, उन्होंने कहा वर्ष भर उपयोग करते-करते पंखों की मृदुता समाप्त हो जाती है, इसलिए वर्षायोग पश्चात इसे बदलकर नई पिच्छी ग्रहण कर ली जाती है यह पिच्छी परिवर्तन कहलाता है। पिच्छी वालों के पीछे लगे रहना, अवश्य ही आप भी एक ना एक दिन नवीन पिच्छी ग्रहण कर लोगे। पिच्छी रत्नत्रय का प्रतीक है, पिच्छी मिलना सरल कार्य नहीं है जिनका तीव्र पुण्य का उदय होता है जो अपने जीवन में संयम को धारण करते हैं उन्हें ही पुरानी पिच्छीका मिलती है। प्रतिदिन पिच्छी को देखकर अपने भावों को विशुद्ध बनाएं। आप लोग एक छोटी सी टिकट लेकर बहुत बड़ा काम कर लेते हैं। जीवन में धर्म को धारण करने से कर्म निर्जरा का कारण बनता है। पिच्छी जीवो की रक्षा करने के काम आती है। प्राणी रक्षा का दिवस है पिच्छी परिवर्तन। ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष कमल जैन कदवा ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ अकंपगुरु महिला मंडल के मंगलाचरण से किया गया। मंदिर कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष नीलेश जैन एवं महामंत्री संजय जैन ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर की संगीतमय पूजन अष्ट द्रव्य से बाहर से श्रद्धालुओं के द्वारा की गई की गई। कार्यक्रम में ब्रह्मचारी अंकित भैया, अंकुर भैया, मुकेश भैया, पं. राजकुमार शास्त्री, पं. सुखदेव, पं. विमल, राजा भैया, अशोक पटवारी, मनोज लालो महिला परिषद वर्धमान शाखा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने आर्यिका श्री के चरणों में श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया आर्यिका संघ को नवीन पिच्छीका देने का सौभाग्य प्रतिमाधारी व्रती माताओ, ब्रह्मचारी भैया, व्रती पुरूषों, डॉ. अभय जैन, अशोक जैन, बसंत बड़वानी, चंद्रशेखर, ब्र. रेखा दीदी, नीलम दीदी को प्राप्त हुआ। आर्यिका अकंपमति की पुरानी पिच्छीका लेने का सौभाग्य अशोक जैन उर्मिला दिल्ली वाले परिवार को एवं आर्यिका अचलमति की पुरानी पिच्छीका लेने का सौभाग्य कैलाश सुमन कपिल श्वेता पीयूष जैन शाहपुर वाले परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन ब्र. संजय भैया एवं सतीश श्रीजी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन पं. राजकुमार शास्त्री ने किया।

**आवश्यकता है**

ऑनलाईन एवं आफिस वर्क हेतु शिक्षित एवं अनुभवी लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है, शिक्षित एवं कम्प्यूटर दक्षता वाले व्यक्ति ही संपर्क करें।

योग्यता:-
1. कम्प्यूटर दक्षता प्राप्त हो
2. हिन्दी/ अंग्रेजी टाईपिंग
3. PF, ESIC, TALLY, GST, TDS, INCOME TAX RETURN एवं अकाउंटिग का कार्य में दक्ष हो।

गुप्ता लॉ चैम्बर्स
287-डी, मैन रोड, मनोरमा कॉलोनी
सागर म.प्र.- 470002
मो. नं.- 9893450033

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।